26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 9 अप्रैल, 2026

अंक- 164 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

### ईरान का फैसला, जहाजों के लिए नए रास्ते तय

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। ईरान ने जहाजों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक समुद्री रास्तों का एलान किया है, जिससे वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है।

# लेबनान में इजराइली हमलों से एक दिन में 254 मौतें

## ईरान बोला- सीजफायर और जंग साथ नहीं चल सकते

तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका और ईरान द्वारा दो सत्ता के लिये युद्ध विराम की घोषणा के बावजूद इजरायल ने लेबनान में जबर्दस्त हमले किये। इन हमलों में 254 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1165 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि वे देश के सभी राजनीतिक और कूटनीतिक संसाधनों को जुटाकर इजराइली हमलों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री रकान नासेरद्दीन ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है। बड़ी संख्या में घायलों के इलाज से स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी दबाव है। इस बीच सीजफायर को लेकर विवाद गहरा गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि लेबनान इस समझौते में शामिल नहीं है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, 'हमने ऐसा कोई वादा नहीं किया था।' वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका को तय करना होगा कि वह सीजफायर लागू करता है या इजराइल के जरिए जंग जारी रखता है, क्योंकि दोनों साथ नहीं चल सकते।



# ट्रंप ने फिर दी ईरान को धमकी, दोनों देशों में बढ़ी तल्खी

## कहा- होर्मुज के आसपास रहेंगे अमेरिकी जहाज

वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका-ईरान में अस्थायी सीजफायर के बाद फिर से तल्खी बढ़ती जा रही है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी है कि अगर डील टूटी तो उसके खिलाफ पहले कई ज्यादा घातक कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने ये भी कहा कि जब तक असली समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता, तब तक अमेरिका की सेना, जहाज और हथियार ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। ट्रंप ने अपने संबोधन में दोहराया कि वह ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर पूरी तरह लगाम लगाना उनकी प्राथमिकता है। अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर भी अपनी रणनीति साफ कर दी है। उन्होंने कहा कि ये महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग हर हाल में खुला और सुरक्षित रहना चाहिए। अमेरिकी नौसेना के जहाज वहां मौजूद रहेंगे, ताकि तेल की आपूर्ति में कोई बाधा न आए। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए इस रास्ते पर किसी भी तरह का ईरानी नियंत्रण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अंत में दावा किया कि अमेरिकी सेना पूरी तरह तैयार है और आगे की कार्रवाई के लिए तैयार बैठी है। उन्हें बस आगे बढ़ने के आदेश का इंतजार है। ट्रंप ने ईरान को सलाह दी कि वह इस कूटनीतिक मौके का फायदा उठाए, क्योंकि अमेरिका की सहनशक्ति अब खत्म हो चुकी है। ये संदेश ईरान के लिए अंतिम चेतावनी की तरह देखा जा रहा है। ट्रंप का ये बयान ऐसे वक्त में सामने आया है, जब ईरान और अमेरिका के बीच हाल ही में दो हफ्ते का सीजफायर घोषित किया गया।




बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# नौकरी दिलाने के नाम पर बर्ख़ास्त पीएसी जवान ने महिला से की ठगी

## डीआईजी के आदेश पर मुक़दमा दर्ज

**नूरपुर (चिंगारी)।** कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी महिला गायत्री रानी ने डीआईजी मुरादाबाद को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि करीब 9 माह पूर्व वह अपने रिश्तेदार केशव शर्मा के यहां कस्बा चांदपुर गयी हुई थी। वहां पर पड़ोस के कमरे में रहने वाला सुरेश कुमार जो अपने आपको थाना चांदपुर में कस्टेबल के पद पर कार्यरत बताता था, रिश्तेदार के पड़ोस में रहने के कारण उनका परिचित था। महिला ने बताया कि सुरेश कुमार ने कहा कि मुरादाबाद डीआईजी ऑफिस में पांच महिला ऑपरेटर की नौकरी निकली हुई है, अगर तुम करना चाहती हो तो मैं पांच लाख रूपये में आपकी नौकरी लगवा सकता हूं। महिला ने इतने पैसे देने में असमर्थता जताई तो सुरेश कुमार ने उससे कहा कि मैं तुम्हारे लिये स्टाफ में दो लाख रुपये कम करा दूंगा, कुल तीन लाख रूपये देने हैं। पीड़िता का कहना है कि उसने सुरेश कुमार की बातों पर यकीन करके कह दिया। महिला ने बताया कि सुरेश कुमार जुलाई 2025 को उसके घर आया तथा एक लाख रुपये नकद लेकर गया। दो माह के बाद एक लाख रुपये फिर उसके घर से लेकर गया तथा नवम्बर माह में सुरेश कुमार ने दस हजार रुपए ऑनलाइन देने के लिए कहा तो महिला को उस पर शक हुआ। महिला ने नौकरी के विषय में डीआईजी ऑफिस में जानकारी की तो पता चला कि वहां कोई नौकरी नहीं निकली है। महिला ने उससे अपने पैसे वापस मांगे तो उसने धमकी देते हुए कहा कि मैं पुलिस में हूं, किसी झूठे मुकदमे में जेल की हवा खिलवा दूंगा। पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर आरोपी पुलिसकर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी सुरेश पीएसी का बर्खास्त जवान है।

## सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले पति-पत्नी गिरफ़्तार

### फ़र्ज़ी लैटर, मोहरे, लैपटॉप, फोन, नकदी बरामद

**स्योहारा (चिंगारी)।** सरकारी नौकरी दिलाने के नामपर ठगी करने के मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने छापामारी करते हुए नगर निवासी दम्पति को गिरफ्तार कर मौके पर मिले दस्तावेज व पैसे भी बरामद किये।

बुधवार को दिल्ली के साउथ ईस्ट बदरपुर साइबर थाने में दर्ज एक मुकदमे में स्योहारा के मौहल्ला भजडियोसराय निवासी अदनान के घर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की छह सदस्यीय टीम स्थानीय पुलिस के साथ पहुंची और अदनान व उसकी पत्नी असमतआरा को हिरासत में लेकर तलाशी में जुट गयी। मौके से फर्जी दस्तावेज, मोहरे, लैपटॉप, मोबाइल, नकदी, लैटर बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। सूत्रों के अनुसार साउथ ईस्ट साइबर थाना दिल्ली में एक मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें अदनान व अशमतआरा पर आरोप लगे थे कि मैं नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम वसूली और दस्तावेज लिए थे। दिल्ली पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर लगभग 11:30 बजे अदनान के घर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। लगभग 3 घंटे चली जांच में लगभग 50 लोगों को नौकरी दिलाने के फर्जी दस्तावेज मिले, साथ ही लैटर, नकदी, लैपटॉप, मोबाइल फोन आदि बरामद किए, जिसके बाद टीम थाने पहुंची। पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मामले की जानकारी पर थाने पहुंचे और टीम से जानकारी जुटाई, जिसके बाद टीम दोनों को अपने साथ लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गयी।

### दिल्ली में दर्ज हैं कई मुकदमे

**आरोपी महिला पर दिल्ली में कई मुकदमे दर्ज होने की बात सामने आयी है। साइबर क्राइम की टीम ने बताया कि मामले की जांच चल रही है अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है कि गिरोह कितना बड़ा है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि एक केन्द्रीय अस्तपाल में सरकारी नौकरी लगवाने की बात कहते हुए फर्जी दस्तावेज देकर झांसे में फंसाते थे और बड़ी रकम ठगते थे। मामले में नगर व क्षेत्र के कई अन्य लोग भी सामिल हो सकते हैं, जिसकी पुलिस टीम जांच कर रही है।**



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026**

मेष- सामयिक कार्यों में प्रगति, व्यक्तित्व का विकास, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, वैवाहिक जीवन सुखमय, मनोविनोद की ओर रुझान, आत्मिक शांति।

वृषभ- आज सायं 6/04 बजे तक प्रगति में व्यवधान, अध्यात्म के प्रति रुचि, अशांति, शेष समय सुधार पर, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, बुद्धि का विकास।

मिथुन- आज सायं 6/04 बजे तक योजना साकार होने की ओर, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता, लाभ भी, शेष समय में समस्याओं से चिन्तित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में।

कर्क- व्यक्तिगत समस्याएँ सुलझने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, उपस्थित व्यवधान समाप्त, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मित्रों से सहयोग, जीवन साथी का सानिध्य।

सिंह- कठिनाइयों का निवारण, पठन-पाठन में रुचि, हर्षोल्लास का माहौल, भौतिक सुख के साधन सुलभ, उपहार या सम्मान का लाभ, नवसम्पर्क उपयोगी, धनागम।

कन्या- आज सायं 6/04 बजे तक कार्यों में व्यवधान, आत्मविश्वास में कमी, स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता, यात्रा विफल, शेष समय शुभ, भोग-विलासिता की ओर रुझान।

तुला- आज सायं 6/04 बजे तक सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा की पूर्ति, विवाद का समापन, शेष समय निराशाजनक, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, धन की कमी।

वृश्चिक-लाभ का मार्ग प्रशस्त, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, मनोरंजन की ओर रुझान, आनन्द की अनुभूति, आत्मिक शांति।

धनु- शुभ भावनाओं से आत्मिक शांति, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, गलतफहमी दूर, मनोविनोद के अवसर, मान-सम्मान में वृद्धि, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मकर- आज सायं 6/04 बजे तक संकल्प सिद्धि में बाधा, वैवाहिक अड़चनें, धर्म के प्रति अरुचि, शेष समय में निराशा का समापन, प्रगति का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सुखद।

कुम्भ- आज सायं 6/04 बजे तक कायक्षमता में वृद्धि, स्वाध्याय की ओर रुचि, धन की प्राप्ति, शेष समय में सफलता में व्यवधान, साझेदारी के व्यापार में हानि, कष्ट भी।

मीन- दिन शुभ, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक, इच्छा शक्ति जागृत, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, विशेष प्रयास सफल, प्रसन्नता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

## देवर ने बाथरूम में घुसकर अश्लील हरकतें कीं, पति ने तलाक़ दी

**नांगल सोती (चिंगारी)।** एक महिला ने बाथरूम में नहाने के दौरान अपने देवर पर दरवाजा खोलकर अश्लील हरकतें करने और पति से शिकायत करने पर मारपीट करने तथा तीन तलाक दे देने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगीना देहात थानांतर्गत ग्राम टांडा माईदास निवासी एक युवती का निकाह 11 मई, 2022 को नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी सलमान पुत्र नसीम अहमद से हुआ था। महिला ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि उसका पति उसके साथ आयेदिन मारपीट करता था तथा तलाक देने की धमकी देता था। यह बात उसने अपने मायके वालों को बताई, तो वे उसे 25 सितम्बर, 2025 को अपने साथ ले गये थे। कुछ समय तक वह वहीं पर रही, फिर दोनों पक्षों में समझौता हो जाने पर वह ससुराल वापस आ गई थी। 13 फरवरी, 2026 को सुबह के समय वह अपने बाथरूम में नहा रही थी, तभी उसका देवर आयान वहां आया और बाथरूम का दरवाजा खोलकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। यह बात उसने अपने ससुराल वालों को बताई, तो उसके पति ने उसके साथ मारपीट की तथा तीन तलाक दे दिया। उसके बाद वो अपने मायके चली गई। महिला का आरोप है कि अब उसके पति ने हिन्दू लड़की से शादी कर ली है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सलमान व आयान पुत्रगण नसीम अहमद के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 75, 115 (2), 85 तथा मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम की धाराओं 3/4 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## पंच कल्याणक पर घर-घर हुआ मंगलगान

### श्रद्धालुओं ने भगवान ऋषभनाथ का किया गुणगान



**नहटौर (चिंगारी)।** भगवान श्री ऋषभनाथ जी के पंच कल्याणक महोत्सव घर-घर मंगलगान कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान ऋषभनाथ जी का गुणगान किया। देर रात्रि को मंगलगान कार्यक्रम शुभम जैन (वर्धमान क्लॉथ हाउस वालो), सिद्धान्त जैन के घर पर बहुत धूमधाम एवं भक्ति उल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं में भगवान ऋषभनाथ का गुणगान एवं भजन प्रस्तुत किया। पंच कल्याणक में कुबेर बने सुकेश जैन ने रत्नवृष्टि की जिसमें सुरेन्द्र जैन, राजीव जैन, सौरभ जैन, पंकज जैन, दीपक जैन, नीरज जैन, अनुज गोयल, आशु जैन, प्रत्यूष जैन, पुनीत जैन, नूतन जैन, रेणु जैन, मंजू जैन, रिया जैन, अनीता जैन, प्रिशा जैन, रीता जैन आदि श्रदालु उपस्थित रहे।

## निजी स्कूलों की मनमानी, अभिभावकों को परेशानी

**खासपुरा (चिंगारी)।** 1 अप्रैल से 2026-27 के शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। प्रकाशकों ने अपने एजेंटों के माध्यम से इन विद्यालयों में पाठ्य सामग्री भेजना शुरू कर दिया है। कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए पूरा बुक सेट खरीदना अनिवार्य कर दिया है। निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। दाखिले के समय तीन महीने की अग्रिम फीस, महंगी किताबें-कॉपियां और विभिन्न शुल्कों के नाम पर बड़ी राशि वसूले जाने से अभिभावक परेशान हैं। सरकार की सख्ती के बावजूद निजी स्कूलों की मनमानी पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है, जिससे अभिभावकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निजी स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को तय पब्लिकेशन की किताबें खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जो केवल चुनिंदा दुकानों या स्कूल परिसर में ही उपलब्ध होती हैं। एक तो वैसे ही महंगाई है और ऊपर से बच्चों को पढ़ाना भी एक संघर्ष हो गया है। अच्छी शिक्षा के लिए माता-पिता अच्छा स्कूल देखते हैं, लेकिन जब फीस और कोर्स की बात आती है तो बहुत से अभिभावक तो पीछे हट जाते हैं। हालांकि अभिभावकों का कहना है कि कोर्स, ड्रेस खरीदने की छूट मिलनी चाहिए।

# तीन बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

## अन्य लोग अपनी बाइकें छोड़कर फ़रार

**झालू ( चिंगारी )। नगर में तीन बाइकों की आपसी भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दुर्घटना में शामिल मौके पर से मिली मोटरसाइकिलों को पुलिस झालू चौकी पर ले आयी। वहीं झालू पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से हादसे की सही वजह जानने में जुटी है।**

झालू-नहटौर मार्ग पर टंकी कंपाउंड के पास बुधवार दोपहर बाद एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक मौके से फरार हो गया। झालू से दवाई लेकर अपने गांव लौट रहे एक तीसरी बाइक सवार लोग भी इस दुर्घटना के चपेट में आकर सड़क पर गिर गये और मामूली घायल हो गये। इस भीषण टक्कर में मृतक युवक की पहचान चंदन पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम गोकुलपुर उर्फ पैदा थाना कोतवाली शहर के रूप में हुई है, जबकि दूसरा बाइक सवार युवक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसा इतना भयंकर था कि नीचे गिरते ही कुछ ही पलों में चंदन की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर आसपास के लोग जमा हो गए और हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक युवक के शव को एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस मौके से मिले वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# तालिब बंधुओं पर गैंगस्टर लगाने की मांग की



## सुहेलदेव समाज पार्टी ने डीएम को दिया ज्ञापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी बिजनौर ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह पर कथित हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सपा, कांग्रेस, असपा के नेताओं द्वारा राजा भारतेन्द्र सिंह के बारे में अनर्गल प्रचार किया जा रहा है। राजा भारतेन्द्र सिंह साफ-सुथरी छवि के ईमानदार नेता हैं। उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि आरोपियों के खिलाफ 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि अगर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार राठौर के नेतृत्व में ज्ञापन देने वालों में वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, फुरकान, मुज़फ़्फ़र, मुनेश कुमार, अरुण कुमार, रूपेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ
1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक


CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
| --- | --- | --- |
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

आर.जी.एन.पी. डिग्री कॉलेज, राजा का ताजपुर, बिजनौर ( उ.प्र. )
आवश्यकता है
यू.जी.सी./विश्वविद्यालय मानकों के अनुसार निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित-
* प्राचार्य 01
* स्नातक सभी विषय
* स्नातकोत्तर सभी विषय
इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के भीतर सम्पर्क करें।
ई-मेल : Satyaveersingh454@gmail.com
मोबाइल- 8958928240
प्रबंधक महोदय

**भली लगे या बुरी ...**

## नेपाल में बालेन सरकार-2

नेपाल में जेनजी के विद्रोह का सबसे बड़ा कारण ओली सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर चीन की तरह कठोर प्रतिबंध लगाना था, जबकि यह विदेशों में पढ़ रहे व काम कर रहे नेपालियों का अपने देश से संपर्क का मुख्य माध्यम था। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ युवाओं का विद्रोह नेपाल में राजनीतिक सड़न, भ्रष्टाचार और अवसरवादिता के खिलाफ आंदोलन में बदल गया और उसने हिंसक तरीके से ही सही सरकार का तख्ता पलट दिया। जेनजी विद्रोह के बाद बालेन शाह को अंतरिम सरकार का प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव किया गया, पर उन्होंने विनम्रता से इसे अस्वीकार कर चुनाव के बाद ही पद पर आने की इच्छा प्रकट की। इसके बाद देश की पूर्व प्रधान न्यायाधीश तथा थोड़े समय के लिए प्रधानमंत्री रहीं वयोवृद्ध सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रधानमंत्री बनाया गया। सुश्री कार्की को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने पूर्ण निष्पक्षता के साथ अंतरिम सरकार का संचालन किया तथा सफलता पूर्वक चुनाव कराए। सुशीला कार्की ने देश में सर्वोच्च शिखर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कर एक रिपोर्ट भी तैयार की थी और बालेन शाह प्रधानमंत्री बनने के बाद तेजी से इस रिपोर्ट पर काम कर रहे हैं। इसके अंतर्गत चार बार प्रधानमंत्री रह चुके केपी शर्मा ओली, पूर्व गृह मंत्री व पूर्व शिक्षा मंत्री को जेल में बंद कर दिया गया है तथा अनेक नौकरशाहों पर भी गाज गिरनी तय मानी जा रही है। बालेन शाह ने देश में नौजवानों की शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने तथा शिक्षण संस्थाओं को परिवारों और भ्रष्टाचार का अड्डा बनाने वाले कोचिंग संस्थानों को भी बंद करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने अपनी सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा बनाते हुए मंत्रियों को भी चेतावनी दी है कि वे काम करके दिखायें नहीं तो उनकी कुर्सी छीन ली जाएगी। नेपाल के यथास्थितिवादी तथा पुरानी व्यवस्था में निहित स्वार्थ रखने वाले लोग इस घटनाक्रम से आश्चर्यचकित हैं और वे बालेन शाह को 'धीरे चलने' की सलाह दे रहे हैं। लेकिन पिछले सालों में नेपाल में व्याप्त अराजकता, भ्रष्टाचार, परिवारवाद तथा निहित स्वार्थी तत्वों को जड़ों से उखाड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई जरूरी है और बालेन शाह यही कर रहे हैं। समाप्त

# दलित प्रेरणा स्थल के जरिए भाजपा ने किया 'बड़ा खेला'



▶▶ देवराज सिंह

उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले हलचल तेज हो गई है और सभी दल अपने-अपने सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सोशल इंजीनियरिंग रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। खास तौर पर दलित समुदाय को साधने के लिए पार्टी ने कई बड़े और प्रतीकात्मक कदम उठाए हैं, जिन्हें चुनावी रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी स्थापना दिवस के अवसर पर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश में जहां-जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित हैं, उन सभी पर छतरियां लगाई जाएंगी। इसके साथ ही उन स्थानों और पार्कों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा, जहां अंबेडकर की मूर्तियां लगी हैं।



सरकार इन स्थलों की चारदीवारी और रखरखाव की जिम्मेदारी भी लेगी। यह कदम दलित अस्मिता से जुड़े प्रतीकों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सीएम योगी के इस ऐलान के ठीक अगले दिन नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-95 स्थित 'दलित प्रेरणा स्थल' की मरम्मत के लिए लगभग 107 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी। यह फैसला खास तौर पर इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से इस स्थल के रखरखाव को लेकर सवाल उठते रहे थे। अब इस परियोजना का खर्च सीधे प्राधिकरण उठाएगा, जो पहले एक अलग समिति के अधीन था।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ये सभी कदम केवल विकास कार्य नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। बीजेपी दलित समुदाय के बीच अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है और इसके लिए वह अंबेडकर जैसे महापुरुषों के प्रतीकों के जरिए भावनात्मक जुड़ाव बनाने की कोशिश कर रही है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश में करीब 22 प्रतिशत दलित वोटबैंक है, जो लंबे समय तक मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी का मजबूत आधार रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में लगातार सत्ता से बाहर होने और सांगठनिक रुप से कोई कारगर प्रभावी आंदोलन न चलाने के कारण बसपा का जनाधार कमजोर हुआ है। इससे बसपा के वोट बैंक में भी बदलाव देखने को मिला है, जिससे अन्य पार्टियां भी इसे अपने पक्ष में करने के लिए सक्रिय हो गई हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले के जरिए 2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसी रणनीति को आगे बढ़ाते हुए सपा 2027 में सत्ता में वापसी का ताना-बाना बुन रही है। ऐसे में बीजेपी इस समीकरण को तोड़ने के लिए दलित वोटों को अपने पक्ष में करने की पूरी कोशिश कर रही है। इसके अलावा कांशीराम की विरासत को लेकर भी राजनीति तेज हो गई है। चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी भी इस आधार पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस और अन्य दल भी दलित वोट बैंक को लेकर अपनी-अपनी रणनीति बनाकर बसपा के वोट बैंक को अपनी तरफ रिझाने में जुट गए हैं।

बीजेपी ने 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक अंबेडकर जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। 13 अप्रैल को अंबेडकर से जुड़े स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और 14 अप्रैल को 'पुष्पांजलि' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके जरिए पार्टी दलित समुदाय के बीच सकारात्मक संदेश देने का प्रयास कर रही है। सीएम योगी ने यह भी कहा कि संत रविदास और महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों से जुड़े स्थलों का भी विकास किया जाएगा। यह संकेत है कि बीजेपी केवल अंबेडकर तक सीमित नहीं रहकर व्यापक सामाजिक आधार बनाने की रणनीति पर काम कर रही है।

**बीजेपी ने 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक अंबेडकर जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। 13 अप्रैल को अंबेडकर से जुड़े स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और 14 अप्रैल को 'पुष्पांजलि' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके जरिए पार्टी दलित समुदाय के बीच सकारात्मक संदेश देने का प्रयास कर रही है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी सामाजिक समरसता के जरिए दलित समुदाय के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने में लगा हुआ है। वहीं योगी सरकार विकास और संरक्षण के जरिए यह संदेश देना चाहती है कि वह दलित समाज के सम्मान और हितों के प्रति गंभीर है। नोएडा का दलित प्रेरणा स्थल, जिसे बसपा शासनकाल में दलित अस्मिता का प्रतीक माना गया था, अब एक बार फिर राजनीति का केंद्र बन गया है। बीजेपी इस स्थल के विकास के जरिए यह दिखाना चाहती है कि वह भी दलित प्रतीकों के सम्मान में पीछे नहीं है। 2027 के चुनाव से पहले यूपी की राजनीति में दलित वोटबैंक केंद्र में आ गया है। बीजेपी का यह कदम न केवल बसपा के जनाधार में सेंध लगाने की कोशिश है, बल्कि सपा के बढ़ते प्रभाव को रोकने की रणनीति भी है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह राजनीतिक दांव कितना सफल होता है।

**प्रेरक-प्रसंग**

## बड़ा लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं तो उसके लिए तप करने में पीछे न हटें

ब्रह्मा जी सोच रहे थे कि मुझे सृष्टि की रचना करनी है तो ये काम मैं कहां से शुरू करूं? उस समय शिव जी कैलाश पर्वत पर और विष्णु जी अपने वैकुंठ धाम में रह रहे थे। ब्रह्मा जी ने शिव जी और विष्णु जी का स्मरण करते हुए अपना हाथ पानी में डाला और पानी को ऊपर की ओर उछाला तो वहां एक अंड यानी एक गोला प्रकट हो गया। ये गोला जड़ रूप था, इसमें प्राण यानी चेतनता नहीं थी। ब्रह्मा जी ने सोचा कि अगर सृष्टि की रचना करनी है तो इस अंड यानी गोले में प्राण डालना जरूरी है। 12 वर्षों तक ब्रह्मा जी ने तप किया, वे विष्णु जी का लगातार चिंतन कर रहे थे। तप के बाद विष्णु जी वहां प्रकट हो गए। विष्णु जी बोले, ब्रह्मा जी बताइए, मैं आपके लिए क्या कर सकता हूं? ब्रह्मा जी बोले, इस अंड यानी इस गोले में चेतनता ले आइए। ब्रह्मा जी की बात पूरी करने के लिए विष्णु जी ने एक अनंत रूप लिया और उस गोलाकार आकृति में प्रवेश कर गए। इस गोलाकार आकृति में 24 तत्वों के साथ प्राण आ गए, इस गोले में चेतनता आ गई। इसके बाद ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना कर दी। इस किस्से का संदेश ये है कि जब हमें कोई बड़ा लक्ष्य हासिल करना हो तो हमें तपस्या करने में पीछे नहीं हटना चाहिए। हमें मनुष्य शरीर मिला है और इसमें जन्म-मृत्यु के साथ ही जीवन भी है। जीवन को चेतन करना पड़ता है।

# अवैध रूप से बनाया था मजार प्रशासन ने रात किया मिस्मार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मेरठ-पौड़ी हाईवे पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान बाधा बन रहे मजार को प्रशासन ने गत रात्रि हटा दिया। बैराज रोड पर पुलकित अस्पताल के सामने स्थित इस मजार को हटाने की कार्रवाई देर शाम शुरू हुई और रात को करीब नौ बजे अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यवाही अमल में लाई गई। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क चौड़ीकरण के लिए मजार हटाने को लेकर जिला प्रशासन को पत्र भेजा था। बुधवार शाम एसडीएम रितु रानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे हटाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद एसडीएम रितु रानी, सीओ संग्राम सिंह, कोतवाल रामप्रताप और मंडावर कोतवाल सुमित राठी सहित अन्य विभागीय अधिकारी जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू कराई। एसडीएम ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रही मजार को नियमानुसार हटाया गया है। बाबा सय्यद जलालुद्दीन के नाम से मशहूर इस मज़ार के मुजाविर बाबा कमर को अधिकारियों ने बुलाकर बता दिया था, मज़ार को हटाना ज़रूरी है। इसके अलावा प्रशासन ने ग्राम झकड़ी बांगर में भी अवैध कब्जे हटाये हैं। ये भूमि शहर के अत्यंत निकट व बहुउपयोगी होने के कारण भूमाफियाओं ने कब्जा रखी थी। इन्हें कब्जामुक्त कराया गया। ये भूमि आईबी विभाग को ऑफिस के लिये दी जायेगी।

# सेंट मैरी स्कूल में हुई इंग्लिश एलोक्यूशन व समूहगान प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर में विद्यार्थियों की भाषण कला एवं सांगीतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु इंग्लिश एलोक्यूशन प्रतियोगिता तथा समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इंग्लिश एलोक्यूशन प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग में 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 22 विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अपने विचारों को आत्मविश्वास एवं प्रभावी अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया।

समूहगान प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने सामूहिक तालमेल, मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सिस्टर एंजेल ने इस प्रकार की गतिविधियों को छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने सम्पर्क किया, कार्यकर्ताओं को अनुशासन का संदेश दिया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने बूथ चलो अभियान तथा पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत शक्ति केंद्र काजीजादगान के बूथ संख्या 171, 172, 170, 169 पर जनसम्पर्क किया। जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुमन त्यागी, सुधीन्द्र चौधरी, अनिल गुप्ता, आशु गोयल, नीरज सैनी एवं मनजीत चौधरी के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संभव है और सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहें। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी, चौ. सुधीन्द्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, अरविंद कुमार उर्फ पप्पू (चेयरमैन), अध्यक्ष रजनीश चौहान, जगदीश गीरी, आशु गोयल, श्रीमती मीनू राजपूत, संगीता सैनी, नवनीत राणा, अमित गुप्ता, हेमंत चौहान, मनजीत चौधरी, अर्पित गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन की एकजुटता और अनुशासन को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया।

# धरने में शामिल हों शिक्षक

**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 10 अप्रैल को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर पर दिए जाने वाले धरने के संदर्भ में बुधवार को प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह ने अपनी टीम के साथ हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज झालू, आरएचएस इंटर कॉलेज हल्दौर, एसएनएसएम इंटर कॉलेज, जेवीएम इंटर कॉलेज नहटौर, पब्लिक इंटर कॉलेज जैतरा, केएम इंटर कॉलेज धामपुर, डीएवी इंटर कॉलेज एवं पीजेएम इंटर कॉलेज शेरकोट में शिक्षकों से संपर्क कर धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। साथ ही संगठन की सदस्यता हेतु फार्म भी वितरित किए। संघ के प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल ने बताया कि 10 अप्रैल को धरने के उपरांत जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में एनपीएस खातों में रज्यांश सहित ब्याज को अद्यतन अपडेट किया जाए, जो शिक्षक एनपीएस से पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए गए हैं, उनकी एनपीएस राशि को जीपीएफ में जमा किया जाए।

# अंकित शर्मा का जियोपॉलिटिकल कमेटी में चयन, विद्यालय में हर्ष

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंडरी एकेडमी नयागांव (मंडावली) के शिक्षक अंकित शर्मा का चयन चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की जियोपॉलिटिकल कमेटी के लिये हो जाने से एकेडमी परिवार में जश्न का माहौल है।



अंकित शर्मा

एकेडमी के एमडी कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने बताया कि चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ ने जियोपॉलिटिकल कमेटी का चयन किया है, जिसमें आठ विद्यार्थियों को शोधकर्ताओं के रूप में चयनित किया गया है। ये सभी शोधकर्ता भारत तथा विश्व की राजनीति का विश्लेषण करेंगे। चयनित कमेटी में शामिल अंकित शर्मा, स्प्रिंग फील्ड एकेडमी नयागांव में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। अंकित शर्मा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चयनित कमेटी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अंकित शर्मा के शोध का विषय 'उत्तर-पूर्व में भारत और चीन के बीच की सीमा पर राजनीतिक विश्लेषण' है। एमडी कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या डा.करुणा शर्मा ने अंकित शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वह एक परिश्रमी और विद्वान शिक्षक हैं। स्प्रिंग फील्ड एकेडमी परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# 1.22 करोड़ कुंतल गन्ने की पेराई कर बरकातपुर मिल का पेराई-सत्र समाप्त

## पिछले सत्र के मुकाबले 23 दिन पहले बंद हुई मिल

## 24 लाख कुंतल गन्ने की कम पेराई हुई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बुधवार की रात्रि उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के पेराई सत्र 2025-26 का समापन हो गया। पिछले सत्र की अपेक्षा मिल जहां 23 दिन पहले बंद हो गई है, वहीं 24 लाख कुंतल कम गन्ने की खरीद/पेराई हुई है। एसएपी के मुताबिक पिछले सत्र की तुलना में 96 करोड़ रूपये कम मूल्य के गन्ने की खरीद हुई है।

उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के वर्तमान पेराई सत्र (सत्र 2025-26) की शुरुआत 5 नवंबर, 2025 को हुई थी, जबकि 8 अप्रैल की रात्रि में पेराई सत्र का समापन हो गया। मिल का पेराई सत्र 155 दिन तक चला। वर्तमान पेराई सत्र में मिल ने लगभग एक करोड़ 22 लाख कुंतल गन्ने की खरीद / पेराई की है। जबकि पिछले पेराई सत्र (सत्र 2024-25) में मिल ने एक करोड़ 46 लाख कुंतल गन्ने की खरीद / पेराई की थी। यानी इस बार पिछले पेराई सत्र की तुलना में 24 लाख कुंतल कम गन्ने की खरीद / पेराई हुई है। राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) के मुताबिक इस सत्र में करीब 96 करोड़ रुपये मूल्य के गन्ने की कम खरीद हुई है। इसका तात्पर्य है कि रेड रॉट तथा अन्य बीमारियों के कारण घटे गन्ना उत्पादन से बरकातपुर मिल क्षेत्र के किसानों को कम से कम 96 करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं इस बार मिल पिछले सत्र की तुलना में 23 दिन पहले ही बंद हो गई है। पिछले वर्ष मिल के पेराई सत्र का समापन एक मई की रात्रि में हुआ था। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने बताया कि कम गन्ना उत्पादन से किसानों को जहां 96 करोड़ का घाटा है, वहीं मिल को 100 करोड़ से ज्यादा का घाटा है। ये सत्र किसानों तथा मिल प्रशासन के लिये अच्छा नहीं रहा है।

# फ्लाई ओवर के नीचे रखा है तेल टैंकर

## दुर्घटना के आसार, क्षेत्रीय प्रबंधक ने हटाने के निर्देश दिये



नजीबाबाद ( बि.टा. )। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मणिपुर में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में रेलवे क्रॉसिंग संख्या 483 डबल फाटक पर बने फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी का एक पेट्रोल पंप काफी समय से स्थापित है। बीते दिनों उक्त पेट्रोल पंप के एक टैंकर को जमीन से निकलकर फ्लाई ओवर के नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रख दिया गया जिस कारण आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संबंधित विभाग लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने भी संबंधित तेल कंपनी के सेल्स ऑफिसर से बात की जिस पर उन्होंने 3 दिन के अंदर उक्त टैंकर को हटाये जाने की बात कही थी, परंतु अभी तक उक्त टैंकर नहीं हटाया गया। इस कारण कभी भी कोई घटना घट सकती है। इसके अलावा दोपहिया वाहनों को भी निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर लगभग 4 बैंक मौजूद हैं जहां पर आमजन का आना जाना लगा रहता है। इसी संबंध में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के दिशा निर्देश पर हिंदुस्तान पैट्रोलियम कंपनी मेरठ इकाई के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक रिटेल कृष्ण कुमार वरुण ने आरटीआई कार्यकर्ता को लिखित में बताया कि उक्त तेल टैंकर को हटाए जाने के दिशा निर्देश संबंधित को जारी कर दिए गए हैं।



# चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने किया उर्स को आग़ाज़

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित नन्हें मियां दरगाह पर हजरत बाबा नन्हें मियां चिश्ती र0अ0 का 97 वां उर्स मुबारक बड़ी शानो शौकत के साथ हर साल की तरह इस साल भी बदस्तूर आयोजित किया गया। बुधवार को उर्स का आगाज नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने फीता काटकर किया तथा अपनी जानिब से अकीदत की चादर पेश की। बाद नमाज ए मगरिब लंगर तकसीम किया गया। बाद नमाज ए ईशा महफिल ए शमा प्रोग्राम का आगाज हुआ। जिसमें जफर यूनुस साबरी, शौकत अली राहती मंडावर, अरमान साबरी आदि कव्वालों ने अपना कलाम पेश किया। कव्वालों ने सूफियाना कव्वालियों से महफिल में समां बांध दिया। इस मौके पर अजीम अख्तर, सूफी नजाकत अली, बाबा मौ. हसन, डॉ. जुनैद अंसारी, इदरीस अब्बासी, अब्बास खलीफा, शरीफ अहमद उर्फ मन्नू खलीफा, कामरान अली अंसारी, शराफत चैधरी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी के सामान के साथ चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने एक दुकान में पिछले दिनों हुई चोरी के चार आरोपियों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार बताया कि पिछले दिनों मौहल्ला पठानपुरा निवासी अब्दुल गफ्फार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी दुकान से तीन लोहे की ग्रिल, तीन जंगले व चार चौखट चोरी हो गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर मौहल्ला रम्पुरा के चार युवकों– तहरीम, अदनान, अल्तमश व अजमल उर्फ सोनू के नाम सामने आए। पुलिस ने बिना देरी किए दबिश देकर इन चारों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उनके पास से चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया है। साथ ही जिस ई–रिक्शा का इस्तेमाल सामान ढोने में किया गया था, उसे भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

# लवलीन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया



लवलीन को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित करते प्रबंधक व प्रधानाचार्या।

नजीबाबाद (चिंगारी)। शिक्षण संस्थान मूलचंद एकेडमी नजीबाबाद की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा लवलीन ने के के एचडी.टीवी पर चंडीगढ में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे बिजनौर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी व गर्व का माहौल है। लवलीन नजीबाबाद निवासी सरदार गुरुदेव सिंह की प्रतिभाशाली बेटी हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन व प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया। जिससे परिवार के साथ क्षेत्र का भी नाम ऊंचा हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मूलचंद अकादमी के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट व उप प्रधानाचार्या सुनिता सिंह ने लवलीन को विद्यालय में सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने कहा कि लवलीन जैसी छात्राए अन्य विद्यार्थियो के लिए प्रेरणा हैं। विद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ ने भी लवलीन की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

नजीबाबाद (चिंगारी)। बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गोयल एड. ने पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई। बुधवार को तहसील परिसर के चैधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित हुए शपथ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह व विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार तहसीलदार मौजूद रहे। समारोह में कसीम अहमद एड. अध्यक्ष, नदीम अहमद एड. महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत, जावेद कमर सिद्दीकी एड., उपाध्यक्ष पंकज विश्नोई एड., कनिष्ठ उपाध्यक्ष रियासत हुसैन एड., सह सचिव अजय पाल सौदाई, सहसचिव शिवानी रानी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद हारुन एड., मीडिया प्रभारी फहीम खुर्शीद एड., सीनियर कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप कुमार जाखेटिया एड., कुलवंत सिंह एड., धीर सिंह एड. नवाब आलम एड., नंदराम एड.



बार संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाते अधिवक्ता।

विनीत कुमार एड., अनुराग सालवान एड., शमशाद हुसैन एड., लेखराज सिंह एड., जरफिशा एड., अब्दुल वफा एड., अबरार अहमद एड., जूनियर कार्यकारिणी में मोहम्मद इकराम एड., शाहबाज हसन एड., निजामुद्दीन एड., मोहम्मद दानिश एड., आसिफ आरिफ एड., फराज हुसैन एड., कपिल चैहान एड., राज किरण एड., अरशद शकील एड., अमित शर्मा एड., हैदर आबास एड., दानिश सैफी एड., दानिश कुरैशी एड., नमित कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार एड., एकता अग्रवाल एड., अंकित राजपूत एड., फखरे आलम एड., महबूब अहमद एड., आरिफ राजा एड., शाह फैसल एड., इमरान यूनुस एड., इमरान एड.,, वरुण कुमार एड., मोहम्मद सलीम, जगदीश एड., जोगेंद्र एड. ने शपथ ली। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता निसार अहमद, शुहेल अहमद, नवाब अहमद, सुहेल एड., सुल्तान अंसारी, फरमान अहमद, बिलाल अहमद, नसीम अहमद, शकील अहमद, इंतजार अहमद, मोहम्मद इब्राहीम, रवि शंकर नायक, सलीम अहमद, जीशान अहमद, उस्मान अहमद, फकरे आलम, फराज हुसैन सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अग्निशमन विभाग ने छात्रों व शिक्षकों को बताये, आपदा के समय बचाव के उपाय

**हल्दौर ( चिंगारी )।** साईं इंटरनेशनल सीनियर पब्लिक स्कूल हल्दौर में आपदा प्रबंधन पर अग्निशमन विभाग के द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को आपदा के समय सतर्कता और बचाव के तरीके सिखाना था। प्रशिक्षण के दौरान फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने सलाह दी कि ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत गैस का रेगुलेटर बंद करना चाहिए। आग को नियंत्रित करने के लिए गीले कपड़े या अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने की विधि भी समझाई गई, साथ ही आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छात्रों और शिक्षकों को आग बुझाने के व्यावहारिक तरीके भी दिखाए। कर्मियों ने बताया कि छोटी आग को समय रहते नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन लापरवाही बरतने पर बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशिक्षण में छात्रों ने




उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई सवाल पूछकर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने जोर दिया कि आग, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय घबराने के बजाय सूझबूझ और सावधानी से काम लेना चाहिए। उनका कहना था कि समय पर सही कदम उठाने से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।

प्रशिक्षण के पश्चात विद्यालय के प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी, प्रबंध समिति की सरिता शर्मा एवं प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने फायर ब्रिगेड टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। इनसे बच्चों में आपदा से निपटने की समझ विकसित होती है और वे भविष्य में ऐसी परिस्थितियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

इस अवसर पर अग्निशमन अधिकारी शीशपाल सिंह, फायरमैन सौरभ सिंह, नितिन सिंह, विद्यालय स्टाफ में प्रेरणा शर्मा, विनय प्रकाश, दीपक सिंह, हिमांशु चौहान एवं साजन चौधरी के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# तक़दीस आमिल ने किया टॉप




**सहसपुर ( चिंगारी )।** एमकेजीएन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित कर दिया गया। तकदीस आमिल ने 96.50 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। क्रमश: आफिया नईम 96.33, मरियम रफीक 96.33, अरमिश कफील अव्वल रहे। स्थानीय सहसपुर नाटे वाला बाग स्थित स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रोग्राम का संचालन फ़ायज़ा आमिल ने किया, जिसके बाद अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि मास्टर वजाहत हुसैन द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या सुमैया परवीन ने बच्चों के प्रदर्शन से उत्साहित नज़र आई। प्रबन्धक मास्टर आमिल साहब ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शहरीन परवीन, समरीन, सना परवीन,राबिया मालिक,कशफ परवीन आदि मौजूद रहीं।

# तोहफापुर में स्कूल के पास मंडरा रहा है गुलदार

**पैजनिया ( चिंगारी )।** गांव तोहफ़ापुर में आबादी क्षेत्र में गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की है। ग्राम तोहफ़ापुर के बाहरी छोर पर गांव का प्राइमरी स्कूल है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो -तीन दिनों से स्कूल के आसपास के खेतों में गुलदार घूम रहा है। बुधवार की दोपहर में गांव के ही नूतन का गुलदार से सामना हो गया। शोर मचाने पर गुलदार ईख में गुम हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर में भी स्कूल से कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे गुलदार घूमता हुआ देखा गया था। इसी रास्ते स्कूल के कई बच्चे भी गुजरते हैं। स्कूल के पास गुलदार की आमद से अभिभावकों में दहशत है। वन क्षेत्राधिकारी दुष्यन्त कुमार ने बताया कि शीघ्र टीम भेजकर स्कूल के पास पिंजरा लगवाया जायेगा।

# डेढ़ साल बाद युवक का शव कब्रिस्तान से निकालकर पीएम को भेजा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव शकरपुरी निवासी युवक की सऊदी अरब में हुई मौत के मामले में डेढ़ साल तक कार्रवाई के लिए भटकते रहे परिजनों को आखिरकार राहत मिली है। प्रशासन ने कब्र खोदकर शव (कंकाल) बाहर निकलवाया और उसे जांच के लिए बिजनौर भेज दिया।

## सऊदी अरब में हुई थी संदिग्ध हालात में मौत

ग्राम शकरपुरी निवासी सगीर अहमद का कहना है कि उनके पुत्र तालिब अहमद की 10 जुलाई 2024 को सऊदी अरब में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, लेकिन उन्हें मौत का सही कारण नहीं बताया गया। जिस एजेंट के माध्यम से तालिब को विदेश भेजा गया था, उसकी बातों में लगातार विरोधाभास रहा, जिससे परिजनों का शक और गहरा गया।

पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के बाद से ही वे लगातार कार्रवाई के लिए भटकते रहे। उन्होंने डीएम और एसडीएम, जनप्रतिनिधियों और भारतीय दूतावास तक को कई बार शिकायतें भेजीं, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। लंबे समय तक प्रयास के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। कल डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार अतुल भगत व थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ गांव शकरपुरी स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। यहां मृतक के परिजन, ग्राम प्रधान, धर्मगुरु और ग्रामीणों की मौजूदगी में करीब डेढ़ साल पुरानी कब्र को खोदवाकर शव बाहर निकाला गया। नायब तहसीलदार का कहना है कि एसडीएम नजीबाबाद के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। 20 माह बाद शव को कब्र से निकालकर परीक्षण के लिए बिजनौर भेजा गया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन की टक्कर से घायल हुए गौवंश ने दम तोड़ा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम खानपुर में अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए गौवंश की (बछड़े की) कई घंटे तड़पने के बाद मौत हो गई। नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम खानपुर की पुलिया के पास कुछ निराश्रित गौवंश घूमते रहते हैं। बुधवार को सुबह सवेरे एक निराश्रित बछड़े को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण बछड़ा पीछे की तरफ से गंभीर रूप से घायल हो गया था। सड़क के किनारे पड़ा बछड़ा दोपहर के बाद तक तड़पता रहा। बाद में उसकी मौत हो गई। देर शाम ग्रामीणों ने उसके शव को वहां से उठाया।

# ग़य्यूर आसिफ़ का अभिनंदन किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बुखारा स्थित बक्शीवाला रोड स्थित वी.आई.पी कॉलोनी में गुरु-शिष्य की परंपरा को निभाते हुए इंजीनियर मोहम्मद काशिफ गवर्नमेंट कांट्रैक्टर ने आरजेपी इंटर कॉलेज में अपने गुरु रहे ग़य्यूर आसिफ के प्रधानाचार्य बनने पर उनके सम्मान में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर मिसाल कायम की। इस अवसर पर मुहम्मद काशिफ तथा उनके निमंत्रण पर उपस्थित नगर के अनेक गणमान्य अतिथियों ने ग़य्यूर आसिफ को शाल ओढ़ाकर तथा सम्मान चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वर्धमान कॉलेज के अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग़य्यूर आसिफ अनुशासनप्रिय, कर्तव्यनिष्ठ तथा मृदुभाषी शिक्षक के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं। डीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य तथा ग़य्यूर



आसिफ के साथ पूर्व में प्रवक्ता रहे डॉक्टर सुभाषचंद्र शर्मा ने कहा कि ग़य्यूर आसिफ के रूप में आरजेपी इंटर कॉलेज को एक उत्कृष्ट प्रधानाचार्य मिला है। सम्मान समारोह में आलोक गोविल, मनोज शर्मा, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु कुमार वत्स, तारिक मसरूर, मोहम्मद सालिम, मोहम्मद शाहरुख, जाकिर अहमद, अता करीम साहब, राहत अली, सुबोधचंद शर्मा (पूर्व प्रिंसिपल) कौसर अता, वसीम अहमद, नईम भाई, पूर्व सभासद सुदेश कुमार, मुजफ्फर अली, अजहर बुखारी, शमशाद अंसारी वार्ड मेंबर, इदरीस भाई सलाउद्दीन भाई आदि रहे।

# बिजनौर जिले में गन्ने के उत्पादन में भारी गिरावट

## किसानों को 600 करोड़ का घाटा

> गन्ना केवल एक फसल नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत आधार है। जो गन्ना कभी राजनीति का केंद्र हुआ करता था, आज वही संकट में है। यदि समय रहते सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो इसका असर दूरगामी और गंभीर हो सकता है।

**चौ. दिगंबर सिंह की रिपोर्ट**



**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर, उत्तर प्रदेश का अग्रणी गन्ना उत्पादक जनपद रहा है, जो इस समय गंभीर संकट से गुजर रहा है। जो जिला कभी रिकॉर्ड गन्ना उत्पादन और लंबी पेराई अवधि के लिए जाना जाता था, वहीं अब पिछले तीन वर्षों से लगातार उत्पादन में गिरावट दर्ज की जा रही है। इस गिरावट ने न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को कमजोर किया है, बल्कि शुगर उद्योग और स्थानीय बाजार व्यवस्था को भी हिलाकर रख दिया है।

पेराई सत्र 2024-25 में जनपद की 10 शुगर मिलों द्वारा लगभग 10 करोड़ 37 लाख 65 हजार कुंतल गन्ने की पेराई की गई थी, जबकि वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में यह आंकड़ा घटकर करीब 9 करोड़ 8 लाख 3 हजार कुंतल रह गया है। इस प्रकार केवल शुगर मिलों में ही लगभग 1 करोड़ 29 लाख 62 हजार कुंतल गन्ने की कमी दर्ज की गई है। यदि जनपद में संचालित लगभग 62 क्रेशर और सैकड़ों कोल्हुओं की पेराई को भी शामिल किया जाए, तो कुल गिरावट लगभग 1 करोड़ 40 लाख कुंतल तक पहुंचती है। इस भारी गिरावट का सीधा असर किसानों की आय पर पड़ा है। अनुमानतः इस वर्ष बिजनौर के किसानों को लगभग 600 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। यह नुकसान केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक असर स्थानीय व्यापार और जनपद की अर्थव्यवस्था पर भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है, क्योंकि यहां की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि आधारित है और गन्ना इसकी प्रमुख नकदी फसल है।

गन्ना उत्पादन में इस गिरावट के पीछे कई गंभीर और संरचनात्मक कारण सामने आए हैं। सबसे प्रमुख कारण गन्ने की लोकप्रिय प्रजाति सी.ओ.-0238 में 'रेड रॉट' रोग का तेजी से फैलना है। पिछले कुछ वर्षों से इस रोग के संकेत मिल रहे थे और किसानों द्वारा संबंधित विभागों को अवगत भी कराया गया, लेकिन समय रहते प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका। इसके अलावा नकली बीज, खाद और कीटनाशकों का बढ़ता जाल भी किसानों के लिए घातक साबित हुआ है। इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों प्रभावित हुए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस पूरे मामले में कृषि विभाग और गन्ना विभाग की भूमिका अपेक्षित स्तर पर सक्रिय नहीं रही।

### चीनी उद्योग पर भी असर

गन्ने की कमी और घटती रिकवरी का असर शुगर उद्योग पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई शुगर मिलों को समय से पहले ही बंद करना पड़ा है और अधिकांश मिलें अपनी पूरी क्षमता के अनुसार पेराई नहीं कर पाई हैं। इससे उद्योग का आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ रही है।



### अन्य फसलों की ओर रुख कर रहे किसान

गन्ने में घटते लाभ के कारण अब किसान धीरे-धीरे अन्य फसलों की ओर रुख कर रहे हैं। कुछ किसान आलू और मक्का की खेती को प्राथमिकता देने लगे हैं, जबकि वर्तमान पराई सत्र में गत पेराई सत्र से गन्ने के क्षेत्रफल में कोई कमी नहीं थी किंतु आने वाले वर्षों में गन्ने का क्षेत्रफल भी कम होने की प्रबल संभावना है। मजदूरों की कमी के कारण भी किसानों का अन्य फसलों की ओर रुझान हो रहा है और इसके साथ-साथ जनपद से होकर प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे, शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे और औद्योगिक कॉरिडोर जैसी विकास परियोजनाओं के कारण भी कृषि भूमि के उपयोग में बदलाव होना है, जिसका सीधा असर गन्ना क्षेत्रफल पर पड़ेगा।

### आने वाला समय और चुनौतीपूर्ण

यदि समय रहते उत्पादन को न संभाला गया, तो आने वाले पेराई सत्र और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। रोग-प्रतिरोधी किस्मों के बीज उपलब्ध कराना, मृदा परीक्षण को बढ़ावा देना, नकली खाद और बीज पर सख्त नियंत्रण करना तथा किसानों को समय पर वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराने के साथ-साथ आधुनिक कृषि यंत्र गन्ना कटाई और गन्ना बुवाई हेतु किसानों को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्रों और संबंधित विभागों की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

### पूरे प्रदेश में गन्ने का उत्पादन गिरा

यह संकट केवल बिजनौर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे मंडल और प्रदेश के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। मुरादाबाद मंडल में इस वर्ष 1 करोड़ 76 लाख कुंतल गन्ना उत्पादन कम हुआ है, जबकि पूरे उत्तर प्रदेश में यह गिरावट लगभग 9 करोड़ कुंतल तक पहुंच सकती है। पूरे प्रदेश का यदि हम आकलन करें तो अभी कुछ शुगर मिल चल रही हैं, इसलिए 9 करोड़ कुंतल हम अनुमानित मान रहे हैं।

## आरजेपी इंटर कॉलेज में समाचार वाचन के साथ हो रहा है शिक्षण कार्य


**बिजनौर (चिंगारी)।** आरजेपी इंटर कॉलेज में शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस एवं शैक्षिक पंचांग के अनुरूप नये सत्र का शिक्षण कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। विद्यालय परिसर में शैक्षिक गतिविधियों का सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, जहां छात्र उत्साहपूर्वक अपनी कक्षाओं में उपस्थित हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में संबोधित करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक सत्र की यह शुरुआत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, अतः सभी को पूरे समर्पण के साथ शिक्षण प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। प्रधानाचार्य ने यह भी निर्देशित किया कि सभी शिक्षक शासन की गाइडलाइंस का पालन करते हुए समयबद्ध और प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यार्थियों को भी नियमित उपस्थिति एवं स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप प्रार्थना सभा एवं उस प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा समाचार वाचन और गुरुजनों द्वारा प्रेरक प्रसंग के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था के साथ कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे शिक्षण कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है। इस प्रकार आरजेपी इंटर कॉलेज में नये सत्र की शुरुआत शैक्षिक सतर्कता एवं अनुशासन के साथ की गई है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य वालेश कुमार, विज्ञान समन्वयक सुधान्शु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास, सुधीर राजपूत, नरेंद्र सिंह, बृजेश कुमार, अतुल रस्तोगी, मनोज यादव, वीरेंद्र कुमार ने विचार व्यक्त किये।



## गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू

## धामपुर क्षेत्र के 16 गांवों में बैनामों पर लगी रोक

**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही धामपुर क्षेत्र के परगना स्योहारा, धामपुर और नहटौर के 16 गांव की खसरा संख्या को चिन्हित करते हुए इनके बैनामों पर उपनिबंधन कार्यालय धामपुर द्वारा रोक लगा दी गई है। उपनिबंधक कार्यालय के सब रजिस्ट्रार चंद्र रेनू विक्रम सिंह ने बताया कि धामपुर क्षेत्र के जिन 16 गांव से यह एक्सप्रेस-वे गुजरेगा उनमें असदगढ़, पप्सरा, फैजपुर रामानंद, मारूफपुर, बाकर नगर, मेहर अलीपुर, पहाड़पुर द्वारका, हरपुर, अकबरपुर देवमल, बेगराजपुर, आलमपुर, सलावा, जगूपुरा, रुस्तमपुर शेर, ताहरपुर असकरन, रघुनाथपुर आदि शामिल हैं।



उन्होंने बताया कि इन गांव की जमीन के खसरा संख्या की सूची तैयार कर ली गई है, इसलिए इन खसरा नंबर के बैनामों की प्रक्रिया को रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव की सूची तैयार हो गई है अब इनके अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उधर, गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के धामपुर क्षेत्र से गुजरने से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। उनका मानना है कि धामपुर क्षेत्र से गोरखपुर तक जाने के लिए सीधे सड़क मार्ग की कोई सुविधा नहीं है, इसलिए अब इस मार्ग के बनने से गोरखपुर जाने वाले लोगों को सुविधा मिलने लगेगी।

# योगी सरकार में बढ़ा 40 फीसदी दुग्ध उत्पादन

## कई राज्यों को छोड़ा पीछे

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पहले की तुलना में 40 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन बढ़ गया है। यही नहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यूपी सबसे सशक्त बनकर उभरा है। बुधवार को पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि करीब 40 प्रतिशत की यह वृद्धि प्रदेश में योजनाबद्ध विकास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जमीनी स्तर पर किए गए ठोस प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि देश के कुल दुग्ध उत्पादन में पांच अग्रणी राज्यों की



54 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश का योगदान 16 फीसदी तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा प्रदेश की बढ़ती ताकत और मजबूत डेयरी संरचना का स्पष्ट उदाहरण है। वर्ष 2016-17 में जहां उत्पादन 277 लाख मीट्रिक टन था, वहीं वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 388 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि इस दुग्ध क्रांति की बड़ी ताकत ग्रामीण महिलाएं बनीं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लाखों महिलाएं डेयरी गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रदेश के 31 जिलों में महिला समूह प्रतिदिन करीब 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रहे हैं और करीब 5000 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पांच प्रमुख दुग्ध उत्पादक कंपनियों के जरिए करीब चार लाख महिला किसान जुड़ीं हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। फरवरी 2026 तक इन कंपनियों का कुल कारोबार पांच हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बुंदेलखंड क्षेत्र में 'बलिनी एमपीसीएल', पूर्वांचल में 'काशी एमपीसीएल', अवध क्षेत्र में सामर्थ्य एमपीसीएल, गोरखपुर मंडल में 'श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीसीएल, तराई क्षेत्र में सृजन एमपीसीएल' से जुड़कर महिलाएं रिकॉर्ड बना रही हैं। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार के कार्यकाल में पहली बार महिलाओं को इतने बड़े पैमाने पर आर्थिक मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाया गया है। दुग्ध उत्पादन में यह रिकॉर्ड वृद्धि न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर का भी प्रतीक बन गई है।

# खाद्य सुरक्षा और नवाचार से समृद्ध होगा भारत- केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लखनऊ स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में खाद्य सुरक्षा (Food Security) पर आयोजित इण्टरनेशनल कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कृषि और तकनीक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और विद्वानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने पुस्तक का विमोचन किया। संस्थान द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण-पत्र दिए गए। इस अवसर पर केशव प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज कृषि, नवाचार और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत की नीतियां आज वैश्विक खाद्य सुरक्षा को दिशा दे रही हैं। नवाचार और किसानों की मेहनत के संगम से ही विकसित भारत का संकल्प सिद्ध होगा। राज्य की डबल इंजन सरकार में हमारे पारंपरिक उत्पादों और कृषि विविधीकरण को नया आयाम मिला है। यूपी के स्थानीय उत्पाद आज वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहे हैं। श्री मौर्य ने एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कांफ्रेंस की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित और सुलभ खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक शोध और तकनीक का एकीकरण समय की मांग है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप, हम उत्तर प्रदेश को कृषि और खाद्य प्रसंस्करण का हब बनाने के लिए संकल्पित हैं।

## पश्चिम एशिया संकट के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने, महंगाई बढ़ने की आशंका- आरबीआई

**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने और खुदरा महंगाई बढ़ने की आशंका जाहिर करते हुए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को समाप्त बैठक में नीतिगत दरों को स्थिर रखने तथा इंतजार करो और नजर रखो की नीति अपनाने का फैसला किया। एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का निर्णय किया। साथ ही अपना रुख तटस्थ बनाये रखा है। साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नकारात्मक जोखिम बढ़ रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश में शुरू हुई जनगणना की तैयारी

### 16 अप्रैल से कर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण, 7 मई से खुलेगा पोर्टल

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रदेश में जनगणना-2027 के पहले चरण की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल तक करीब 5.5 लाख प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का सत्यापित डिजिटल डाटाबेस तैयार कर लिया जाए। लोगों को जागरूक भी करें और तय समय में तैयारी पूरी करें। किसी तरह की कोई खामी न रहे। इसके साथ ही 16 अप्रैल से 7 मई के बीच सभी कर्मियों का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पूरा करने के निर्देश दिए। घनी आबादी, शहरी और झुग्गी क्षेत्रों में सटीक गणना सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने बताया कि जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। आम नागरिकों के लिए स्व-गणना पोर्टल 7 से 21 मई तक उपलब्ध रहेगा, जिससे लोग खुद अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं, जिससे लोगों को इसकी जानकारी हो। महारजिस्ट्रार मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश के विकास की दिशा तय करते हैं, इसलिए इसे जनअभियान के रूप में संचालित करना जरूरी है। जनगणना 2027 में हाउस लिस्टिंग का काम 22 मई से शुरू होगा। उसको लेकर बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में फील्ड ट्रेनर्स के लिए एक रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर के वह कर्मचारी-अधिकारी भी शामिल हुए जिनको जनगणना के कार्य में लगाया गया है।



# सेक्रेट्री से रिश्वत ली 20 हजार, प्रभारी डीपीआरओ रंगे हाथों गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)। बुधवार को विकास भवन में उस समय हड़कम्प मच गया, जब जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सतर्कता अधिष्ठान बरेली की टीम ने छापा मारकर प्रभारी डीपीआरओ रिजवान अहमद को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।**

जानकारी के अनुसार प्रभारी डीपीआरओ रिजवान अहमद ब्लाक कोतवाली देहात में तैनात एक ग्राम विकास सचिव शुभम मलिक से उसके पास पूर्व में रही ग्राम पंचायतों में कराए गए छह विकास कार्यों की अनियमितताओं की जांच के निस्तारण के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। शुभम मलिक ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान बरेली सेक्टर से लिखित शिकायत की थी।

शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस की टीम ने प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर सुनियोजित ढंग से विकास भवन में जाल बिछाया। बुधवार को करीब डेढ़ बजे जैसे ही शुभम मलिक ने कार्यालय पहुंचकर 20 हजार रुपये दिए, वैसे ही पहले से मुस्तैद विजिलेंस टीम ने रिजवान अहमद को



रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## तीन घंटे कार्यालय में रही विजिलेंस टीम

विजिलेंस टीम तीन घंटे से अधिक कार्यालय में रही और डीपीआरओ से पूछताछ की। करीब पौने पांच बजे विजिलेंस टीम प्रभारी डीपीआरओ को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले गई। इस दौरान विजिलेंस टीम के अधिकारियों ने मीडिया को कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया।

## फिल्मी अंदाज में पकड़ा

**विजिलेंस टीम ने फिल्मी अंदाज में प्रभारी डीपीआरओ को रिश्वत लेते हुए पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में विजिलेंस की टीम दोपहर लगभग डेढ़ बजे विकास भवन पहुंची। टीम में शामिल दो निरीक्षक कुर्ता-पाजामा पहने हुए थे। ये दोनों शुभम मलिक के साथ डीपीआरओ कार्यालय में पहुंचे और खुद को ग्राम प्रधान बताया। जैसे ही ग्राम पंचायत सचिव शुभम मलिक ने 20 हजार रुपये डीपीआरओ रिजवान अहमद को सौंपे, दोनों निरीक्षकों ने उन्हें दबोच लिया। इसके बाद पूरी टीम ने कार्यालय को घेर लिया।**

# सांसद चन्द्रशेखर का जोरदार स्वागत किया



**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद के धामपुर आगमन पर समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। देर रात नई बस्ती नई सराय स्थित डॉ. अजहर अंसारी के आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में सांसद का शॉल ओढ़ाकर व फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कार्यकर्ताओं से पार्टी हित में कार्य करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाना उनकी जिम्मेदारी है और वे लगातार क्षेत्र के मुद्दों को संसद में प्रमुखता से उठाते रहेंगे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सांसद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में जितनी बार धामपुर और नगीना का नाम संसद में गूंजा है, उतना पिछले कई दशकों में भी नहीं हुआ। उन्होंने विशेष रूप से विद्युत मीटर से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाने पर सांसद का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्र के विकास के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। स्वागत करने वालों में उत्तर प्रदेश डेमोक्रेटिक फोरम के जिला कंनवीनर डा. अजहर असांरी, मास्टर इस्माईल, मास्टर शमशेर पांडेय, कारी राशिद हमीदी, एडवोकेट फारूक आजम, रफीकुज्जमा, मोहम्मद अजीम, आमिर आदि मौजूद रहे।

# विश्व कल्याण हेतु नवकार मंत्र का पाठ

**किरतपुर (चिंगारी)।** विश्व नवकार महा मंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय जैन समाज ने नवकार मंत्र का पाठ एक ही समय पर मंदिरों एवं प्रतिष्ठानों पर विश्व कल्याण हेतु पाठ किया। भारत सहित विश्व के 108 देशों में निवास कर रहे जैन समाज द्वारा विश्व में शांति बनी रहे, इस कामना के साथ पाठ किया गया।



नवकार मंत्र मानवता के लिए सबसे सम्मानित व पूजनीय मंत्र है। इस मंत्र में श्रद्धा एवं विश्वास के साथ उन भव्य आत्माओं को नमन किया गया है जिन्होंने आत्म विश्वास के शिखर पर पहुंच कर मनुष्य जन्म की सर्वोच्च स्थिति मोक्ष पद को प्राप्त किया। इस मंत्र में उन आत्माओं को भी नमस्कार किया गया है जो मोक्ष पद की और अग्रसर है तथा विश्व को शांति अहिंसा एवं सदभाव का उपदेश दे रहे हैं। नवकार मंत्र हमारे जीवन में भी बहुत महत्व रखता है। इसका जप करने से मनुष्य तनाव मुक्त हो जाता है और अपने अंदर शांति और ऊर्जा को महसूस करता है। यह मंत्र प्राणी मात्र के प्रति करुणा अहिंसा का भाव रखने के लिए प्रेरित करता है।

अनिल जैन, सविता जैन, संजय जैन, बबीता जैन, यतेंद्र जैन, अंजली जैन, सुनील जैन, शालिनी जैन, अविनाश जैन, सोनल जैन, संजय जैन, आभा जैन, नीरज जैन, बबीता जैन, अरविंद जैन, नीलम जैन, सुरेंद्र जैन, गुंजन जैन, प्रदीप जैन, सरिता जैन आदि ने नवकार महा मंत्र दिवस के अवसर पर पाठ कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में एसडीओ कार्यालय पर धरना दिया

**चांदपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन हिन्द कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में नगर के चरण सिंह चौक के नजदीक स्थित एसडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया।



आज सुबह बड़ी संख्या में भाकियू हिन्द कार्यकर्ता नगर के नूरपुर रोड स्थित एसडीओ कार्यालय पर पहुंचे तथा प्रदर्शन कर धरना देकर बैठ गये। भाकियू हिन्द के प्रदेश प्रवक्ता अकील अंसारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर न लगाएं जाने, किसानों के बकाया बिल माफ किये जाने तथा आम जनता की बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान कराये जाने की मांग को लेकर धरना दिया गया है। धरने पर बैठने वालों में भाकियू हिन्द के प्रदेश प्रवक्ता अकील अंसारी, जिलाध्यक्ष आफताब आलम बब्लू, मंडल प्रभारी सुल्तान अहमद,मौ शाहिद, जिला प्रभारी मौ. फरमान,मौ. शाहनवाज,वसीम अहमद, मौ. हमजा, लोकेन्द्रसिंह, मोनू, सईद अहमद आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाचार दिये जाने तक धरना जारी था।

# तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे किसान

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** वन विभाग द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे से किसान नेता मदन राणा को बचाने के लिए वन विभाग एवं पुलिस के सामने आए किसान अनिश्चितकालीन धरने के आज तीसरे दिन भी धरना स्थल पर डटे रहे। नगर के कालागढ़ रोड स्थित डाक बंगले पर दिन और रात धरने पर मौजूद किसानों का कहना है कि मांग पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आज तीसरे दिन धरने की अध्यक्षता कर रहे किसान नेता देवेंद्र कौशिक ने कहा कि संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान द्वारा अनिश्चितकालीन धरने के ऐलान के साथ-साथ मांग पूरी न हो पाने की दशा में 16 अप्रैल को नगर में महापंचायत व सीओ कार्यालय के घेराव की जो घोषणा की गई है उसकी सफलता के लिए रणनीतियों पर गहनता से विचार विमर्श चल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों ने किसानों की मांग पर



दूसरे दिन धरने पर बैठे किसान।

गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया तो 16 अप्रैल को जिले भर के किसान अफजलगढ़ में अन्याय के खिलाफ अपनी एकता का प्रदर्शन कर किसानों की ताकत का एहसास करा देंगे। आज धरने पर भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान सहित सरदार मुख्तियार सिंह, हरि सिंह, रवैल सिंह, शकील अहमद, रमेशचंद्र शेखावत, गुरविंदर सिंह, राणा सैनी, मौ. अशरफ, वसीम गुर्जर, सौरभ शर्मा व प्रदीप सिरोही आदि किसान मौजूद रहे।

# पांच घंटे के रिमांड पर लिये गए तालिब बंधु

## पुलिस ने की गहन पूछताछ



## मेडिकल परीक्षण के बाद थाने व घटनास्थल ले जाकर जुटाए साक्ष्य, वकील भी रहे मौजूद

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुचर्चित तालिब-खालिद व पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह विवाद में अदालत द्वारा मंजूर किए गए पांच घंटे के पुलिस कस्टडी रिमांड के तहत आज सुबह पुलिस निर्धारित समय पर जेल पहुंची और तीनों तालिब बंधुओं को अपने साथ ले गई। न्यायालय के आदेशानुसार सबसे पहले तीनों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इस दौरान उनके साथ उनके तीन वकील भी मौजूद रहे। मेडिकल के बाद पुलिस अभियुक्तों को थाने ले गई,जहां उनसे गहन पूछताछ की गई।

रिमांड की अवधि सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक निर्धारित है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस अभियुक्तों को लेकर घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी और मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगी हुई थी।

गौरतलब है कि बुधवार को सीजेएम नरेन्द्र कुमार की अदालत में दोनों पक्षों के बीच पुलिस कस्टडी रिमांड को लेकर लंबी बहस हुई थी। पुलिस ने दावा किया था कि अभियुक्तों ने जेल में पूछताछ के दौरान बयान दिए हैं कि वे जानलेवा हमले में प्रयुक्त हथियार बरामद करा सकते हैं, जबकि बचाव पक्ष ने इस दावे को खारिज किया था।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने तीनों अभियुक्तों का पांच घंटे का पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया था, साथ ही मेडिकल परीक्षण और वकीलों की निगरानी में रिमांड की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी दिये थे।

## बिल्किस बेगम व नवेद शम्सी के इंतकाल पर दुख जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मोटर मैकेनिक नसीम अहमद व तहसील के टाईपिस्ट शमीम अहमद की वालिदा बिल्किस बेगम ( 85वर्ष ) पत्नी मरहूम अब्दुल मलिक का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर काफी संख्या में शहर के लोगों ने उनके निवास मौहल्ला दरोदग्रान पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया। उनका बुधवार को दोपहर जौहर की नमाज के बाद मोटाआम स्थित कब्रिस्तान पर दफीना किया गया। उनके दफीने में विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एडवोकेट, शहबाज खान, नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, फरहान खान, डॉ. एसएम परवेज, डॉ. सुहैल सिद्दीकी, नामित सभासद कलवा शेख मंसूरी, सभासद इरशाद अहमद, जफर हुसैन, कफील अहमद, खालिद अकील, इसरार अहमद एडवोकेट, फराज आब्दी, शाहनवाज मंसूरी, खालिद मसूद, इसरार मुल्तानी, नौशाद अहमद, रिहान अहमद, शमशेर शेरू सहित काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने शिरकत कर मरहूमा की मगफिरत के लिए दुआ की। उधर नगर पालिका परिषद के वार्ड नम्बर-23 के सभासद खुर्रम अफजाल के भाई नवेद शम्सी का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर नगरपालिका के सभासदों के साथ नगर के काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने दुख व्यक्त किया।

## एसपी को पूरी घटना बताई, व्यापारियों ने चोरी का खुलासा न होने पर नाराज़गी जताई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान (रजिस्टर्ड) बिजनौर के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर 13 मार्च को व्यापारी अमित अग्रवाल के घर हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने पर नाराजगी जताते हुए उन्हें ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने बताया कि 13 मार्च को चोरों ने ताले तोड़कर अमित अग्रवाल के घर से लाखों रुपये की चोरी की वारदात की थी। इस संबंध में बिजनौर कोतवाली शहर में मुकदमा दर्ज कराया गया था, लेकिन घटना के इतने दिन बाद भी चोरी का खुलासा नहीं हो सका। व्यापारियों ने एसपी को बताया कि सुरक्षा फोरम संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अशोक गोयल भी फोन के माध्यम से जल्द खुलासा करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द चोरी का खुलासा नहीं किया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राजकुमार गोयल, जिला महामंत्री खगेश कुमार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अरविंद ठाकुर, सुनील कुमार गुप्ता, अंकित गोयल, विनीत कुमार सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## शिक्षा को व्यापार बनाने वालों पर रोक लगे: अनवारुल हक

### प्राइवेट स्कूलों के महंगे कोर्स व ड्रेस से अभिभावक परेशान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विश्व मानवधिकार परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मौलाना अनवारुल हक ने कहा कि दुनिया भर में जिस भारत की पहचान शिक्षा को लेकर की जाती थी, आज उसी भारत में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है, निजी स्कूलों की मनमानी हर वर्ष बढ़ती जा रही है, इसे ना कोई रोकने वाला है, न कोई टोकने वाला है, स्कूल प्रबंधन व बुक डिपो संचालकों की शॉर्टकट से किताबों की कीमतें कई गुना बढ़ा दी गई हैं। 100 रूपये की किताबें 1000 में। जो कोर्स 700 रूपये में मिलना चाहिए था, वह कोर्स प्राइवेट स्कूल वाले 7000 रूपये में दिया जा रहा है, जिससे गरीब आदमी अपना पेट काटकर, कर्जा लेकर महंगा कोर्स खरीदने पर मजबूर है। जबकि एनसीईआरटी की किताबें सस्ती हैं, लेकिन स्कूलों में उन किताबों को नहीं पढ़ाया जा रहा है। प्राइवेट स्कूल चाहे सीबीएसई बोर्ड के हों या यूपी बोर्ड के या किसी अन्य बोर्ड के मगर सबके सब मनमाने तरीके से कोर्स व ड्रेस के नाम पर डंके की चोट पर गरीब आदमी की जेब पर डांका डाल रहे हैं। पाठ्यक्रम विक्रेताओं से कमीशन तय करके पाठ्यक्रम रखवा दिया है, जहां मनमाने ढंग से पाठ्यक्रम की किताबें पर उनकी कीमत कई गुना अधिक लिखी होती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे अन्य पुस्तकों के लिए कागज स्याही प्रिंटिंग का खर्च अलग होता है, स्कूल की किताबों के लिए सोने चांदी का कागज व स्याही हीरे से तैयार कर प्रिंटिंग की जाती है। एक बड़ी समस्या यह है कि प्राइवेट स्कूलों की पुस्तकें सिर्फ उनके बताए हुए बुक डिपो पर ही मिलती है, अन्य स्थान पर मिल ही नहीं सकती,जबकि सरकार ने प्राइवेट स्कूलों के लिए कोर्स फीस ड्रेस आदि के बारे में गाइडलाइन जारी कर रखी है, लेकिन उनको मानता कोई नहीं, मिलीभगत से खुलेआम पवित्र शिक्षा के नाम पर ठगी का काम जारी है। उन्होंने कहा कि अगर हम भारत की तरक्की चाहते हैं, हकीकत में देश प्रेमी है तो सभी को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगनी चाहिए। हम पूरी दुनिया में अपने देश का नाम व झंडा सिर्फ शिक्षा से ऊंचा कर सकते हैं।

## महिलाओं को धमकाने वाला दरोगा लाइन हाजिर

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** महिलाओं को डराने, धमकाने के मामले को पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लेकर जांच के बाद दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा बोंडा में कंपोजिट शराब की दुकान को हटाए जाने के संबंध में महिलाओं ने एक सप्ताह पूर्व धरना प्रदर्शन किया था। महिलाओं का आरोप है कि ग्रामीण शराब पीकर गाली गलौज करते हैं, खुले में शौच करते हैं। शराबियों के द्वारा महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की जाती है। इस संबंध में महिलाओं के द्वारा एसडीएम को प्रार्थना-पत्र भी दिया गया था। इसी बात को लेकर हल्का दरोगा ने दो दिन पूर्व महिलाओं के घर पहुंचकर उन्हें धमकाया। उनको डराया गया कि उनका समूह बन्द करा दिया जाएगा तथा दोबारा से धरना प्रदर्शन करने पर देख लेने की बात कही थी। इसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी, जिसका पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने संज्ञान लेते हुए वायरल वीडियो की जांच नजीबाबाद सीओ को सौंपी थी। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी की जांच रिपोर्ट के बाद पुलिस अधीक्षक ने मंडावली थाने के दरोगा देवपाल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

# यात्रा शुरू होने से पहले होटल मालिकों की चेतावनी

**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** केदारधाम होटल ऑनर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा व्यवस्थाओं और स्थानीय व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिये गये।

बैठक में एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि, पूर्व में कई बार शासन-प्रशासन को यात्रा में निर्धारित सीमित संख्या की बाध्यता समाप्त करने और सड़कों के सुधारीकरण एवं डामरीकरण की मांग से अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्णय लिया गया कि यदि यात्रा शुरू होने से पहले कोई स्पष्ट सरकारी आदेश जारी नहीं किया गया, तो यात्रा अवधि के दौरान होटल स्वामी एवं घोड़ा-खच्चर संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। बैठक में यात्रा के दौरान आवश्यक संसाधनों पर भी चर्चा की गई।अनुमान जताया गया कि गुप्तकाशी से केदारनाथ मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 1200 गैस सिलेंडरों की आवश्यकता होगी, जिसके लिए उचित व्यवस्था

### मांगे पूरी नहीं हुई तो होटल बंद रखेंगे, घोड़े-खच्चर भी नहीं चलेंगे

सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। सीतापुर पार्किंग के संचालन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। तय किया गया कि पार्किंग संचालक यात्रियों के लिए नि:शुल्क बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।साथ ही, पार्किंग क्षेत्र में किसी प्रकार का शुल्क लेकर बिस्तर नहीं लगाए जाएंगे और मोबाइल चार्जिंग के लिए 50 रुपए का शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में एसोसिएशन एवं स्थानीय लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि केदारधाम क्षेत्र में सभी प्रतिष्ठानों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाम 6 बजे के बाद गौरीकुंड से केदारनाथ और केदारनाथ से गौरीकुंड के बीच यात्रा पूरी तरह प्रतिबंधित रखने का निर्णय लिया गया। इस बीच चमोली जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बुधवार को चमोली से ज्योतिर्मठ तक चारधाम यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था एवं एनएच आईडीसीएल द्वारा क्षतिग्रस्त मार्गों के सुधारीकरण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की।

# पीएचसी रायवाला में वन हेल्प मिशन के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रायवाला में वन हेल्थ विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से ही वन हेल्थ मिशन की अवधारणा को सुदृढ़ किया जा सकता है। एम्स ऋषिकेश के तत्वावधान में आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों का बुद्धवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों, उनके तीमारदारों और आम लोगों को वन हेल्थ की अवधारणा का महत्व बताया। वक्ताओं ने कहा कि वन हेल्थ मिशन की सफलता के लिए जरूरी है कि सामुदायिक स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति इस मिशन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। विशिष्ट अतिथि नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साईंस दिल्ली की डॉ. सुनीला गर्ग ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज यूएचसी को मजबूत करने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर विस्तृत प्रकाश डाला। कॉम्युनिटी मेडिसिन विभाग की हेड प्रो. वर्तिका सक्सैना ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# धामपुर में चल रहा सिंदरपाल जुनेजा की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट

**धामपुर ( चिंगारी )।** बी एस क्रिकेट क्लब धामपुर की ओर से सिंदर पाल जुनेजा की स्मृति में सिंदर स्पोर्ट के ऑनर रितेश जुनेजा व योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया द्वारा के एम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान में कराये जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्राम हीमपुर दीपा क्लब के खिलाड़ी अंशु खान ने पहली बॉल से ही चौके छक्को की बारिश शुरू कर दी थी। दूसरी टीम समीर क्लब धामपुर की टीम रनों का पीछा करते-करते मात्र 83 रन पर ही ऑल आउट हो गई और हार गई। पहला मैच सदरूद्दीन नगर क्लब व जैदी क्लब धामपुर के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैदी क्लब ने मात्र 76 रन बनाए। दूसरी टीम सदरूद्दीन नगर क्लब ने सात ओवर में आसानी से रनों का पीछा करते हुए मैच को जीत लिया। मैच अंपायर दिलावर रजा व पप्पू कप्तान रहे। तीसरा मैच ग्राम मिलक व बिजनौर डायमंड के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिजनौर डायमंड ने 91 रन बनाए वहीं दूसरी टीम ग्राम मिलक ने 91 रनों को आसानी से चेज करके मैच को जीत लिया। चौथा मैच ग्राम जैतरा व ग्राम हबीबवाला के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्राम हबीब वाला ने 91 रन बनाए दूसरे टीम ग्राम जैतरा अपना टारगेट पूरा नहीं कर पाई और मैच को हार गई। ग्राम हबीबवाला के कप्तान ऑल राउंडर मोहम्मद शादाब ने काफी अच्छी परफॉर्मेंस दिखाई और अपनी टीम को जीत दिलाई।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# श्रद्धालु अपना पंजीकरण करायें अमरनाथ यात्रा पर नि:शुल्क जायें

## अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा एक जुलाई को जायेगी एसी. बस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाबा अमरनाथ यात्रा का आयोजन अमरनाथ सेवा मण्डल शाखा बिजनौर के द्वारा किया जा रहा है। यात्रा के संयोजक एस.के. बबली एड. ने बताया कि यात्रा के लिये पंजीकरण 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं, जो 12 अप्रैल तक चलेंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण व मेडिकल कराने वाले श्रद्धालु ही यात्रा पर जा पायेंगे। यात्रा 12 दिन की होगी, जो नि:शुल्क होगी। यात्रा 01 जुलाई से शुरू होगी। श्री बबली ने बताया कि ऐसे भक्त जो अपने साधनों से बाबा अमरनाथ के दर्शन नहीं कर सकते हैं, उनको हमारी संस्था के द्वारा फ्री यात्रा कराई जायेगी। एक ए.सी. बस के द्वारा यह यात्रा सम्पन्न होगी, जो मां शकुम्भरी देवी से शुरू होकर अमृतसर गोल्डन टैम्पल, वाघा बॉर्डर, बाबा अमरनाथ, माता वैष्णो देवी, शिव खोड़ी, हिमाचल प्रदेश की पांचो देवी, भाखड़ा नांगल डैम, गुरुद्वारा पौंटा साहिब, हरिद्वार होते हुए पूर्ण होगी। यात्रा के संचालक नानक खेड़ा व गौरव खेड़ा होंगे। यात्रा में विशेष सहयोग अखिल अग्रवाल मुरादाबादी ज्वैलर्स, शंकरलाल सचिव अर्बन बैंक का भी रहता है। यह यात्रा विगत 14-15 वर्षो से निरन्तर चलती आ रही है। अब तक लगभग 2000 भक्तों को नि:शुल्क बाबा अमरनाथ के दर्शन संस्था के द्वारा कराये जा चुके है। जो भक्त जाने के इच्छुक हों, वो शीघ्र ही एस.के. बबली एडवोकेट-9412215930, शंकर लाल 9412712650, अखिल अग्रवाल 9837033386, नानकचंद खेड़ा 9927281100, गौरव खेड़ा 9837097594 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# वरिष्ठ नागरिक महासमिति ने अभय प्रताप को किया सम्मानित



अभय प्रताप सिंह को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति के जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने अपनी समिति के पदाधिकारीगण के साथ ग्राम मटोरा दुर्गा में पहुंचकर ग्राम के मेधावी अभय प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में पीसीएस की परीक्षा में एसडीएम पद पर चयनित होने पर गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। अभय प्रताप को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। अभय प्रताप को शुभकामना देने वालों में महामंत्री शिव कुमार सिंह, समिति की रानी बाग शाखा के संरक्षक योग गुरु गजराज सिंह, अध्यक्ष जगदीश सिंह शामिल रहे। सभी ने अभय प्रताप सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। अभय प्रताप सिंह की उपलब्धि ने समाज एवं क्षेत्र का गर्व बढ़ाया है।

# गांव में लगा हुआ है समस्याओं का अम्बार, समाधान न होने पर ग्रामीण आंदोलन को तैयार

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत हरिपुर कलां विकास खंड डोईवाला में लंबे समय से चली आ रही पेयजल एवं सड़कों की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान ने जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपा गया है। ग्राम प्रधान सविता शर्मा व

### ग्राम प्रधान ने सौंपा जिला प्रशासन को ज्ञापन

कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने बताया कि पेयजल निगम द्वारा सीवर की पाइप लाइन बिछाने के दौरान गांव की मुख्य सड़कों को खोद दिया गया था, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद सड़क निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इसके चलते सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आमजन, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्षेत्र की कई सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे लोगों का आवागमन



प्रभावित हो रहा है एवं गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। पुरानी सीवर लाइन क्षमता से अधिक लोड होने के कारण ओवरफ्लो हो रही है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है और गंगा नदी तक पहुंचकर प्रदूषण का कारण बन रहा है। ग्रामीणों को कई महीनों तक गंदे पानी और बदहाल व्यवस्था के बीच रहना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान ने कहा कि यदि पांच सूत्रीय मांगों को शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण व किसान आंदोलन को बाध्य होंगे। अधिशासी अभियंता भृगुनाथ द्विवेदी ने जल्द समस्या के निवारण का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने में समाजसेवी प्रेमलाल शर्मा, विक्रांत भारद्वाज, दीपक थापा, आदित्य आदि मौजूद थे।

# दुल्हन ने किया निकाह से इंकार मारपीट, पथराव, हंगामा हुआ जोरदार

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर के एक बैंकट हॉल में उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब निकाह की रस्मों के बीच दुल्हन ने निकाह करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट और पथराव तक पहुँच गई। हंगामे में दूल्हे की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई है।


हंगामें का दृष्य।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला इस्लाम नगर के एक युवक की बारात नहटौर के धामपुर मार्ग पर एक बैंकट हॉल में आई थी। वधू पक्ष मूल रूप से नहटौर के एक गांव का है। जब निकाह की रस्में शुरू होने वाली थीं, तभी अचानक दुल्हन ने निकाह करने से मना कर दिया। दुल्हन के इस फैसले से मौके पर सन्नाटा पसर गया और देखते ही देखते खुशी का माहौल तनाव में बदल गया। दुल्हन के इनकार के बाद दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चले। इस पथराव में दूल्हे की कार के शीशे टूट गए और गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को संभाला। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया की दोनों पक्षों के बीच आपसी विवाद के कारण यह घटना हुई है। शादी में विवाद और मारपीट की सूचना मिली थी। इस मामले में वर पक्ष का चालान किया जा रहा है।

# दुष्टों का विनाश करने के लिए भगवान शंकर लेते हैं अवतार - महंत राधेश्याम

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला साहुवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम के सत्संग भवन में सनातन उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में चल रही नौ दिवसीय शिवकथा के सातवें दिन कथा व्यास एवं श्रीराम मंदिर पीठाधीश्वर महंत राधेश्याम व्यासजी महाराज ने असुर संहार की कथा का वर्णन किया। महंत राधेश्याम व्यास महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार और अधर्म बढ़ता है, तब भगवान शंकर किसी न किसी रूप में अवतरित होकर दुष्टों का विनाश करते हैं और धर्म की रक्षा करते हैं। उन्होंने जालंधर और शंखचूड़ नामक असुरों की कथा सुनाते हुए बताया कि इन असुरों के अत्याचारों से त्रस्त होकर देवी-देवता भगवान शंकर की शरण में पहुंचे और उनसे रक्षा की प्रार्थना की। भगवान शंकर ने भक्तों की पुकार सुनकर पृथ्वी पर अवतार लिया और दोनों राक्षसों का संहार कर देवताओं को उनके अत्याचार से मुक्त कराया। कथा के उपरांत आरती का आयोजन किया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर अर्चिता शर्मा (दिल्ली) और रीमा सिंह (गाजीपुर) मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं।

**श्रीराम मंदिर आश्रम में शिवकथा का सातवां दिन**

कार्यक्रम की व्यवस्था में सुमित अवस्थी, सौरभ वशिष्ठ, रेनू सैनी, सचिन सैनी, राकेश मिश्रा और वैभव मिश्रा सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के शेष दिनों में भी इसी प्रकार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।

# टीएमयू डेंटल कालेज की इंटरनेशनल कांफ्रेंस में जुटेंगे देश और दुनिया के जाने-माने एक्सपर्ट्स

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस-इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर देश और दुनिया के जाने-माने एक्सपर्ट्स जुटेंगे। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का 10 अप्रैल को ऑडी में शुभारम्भ होगा। मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय में ओरल मेडिसिन एवम् ओरल पैथोलॉजी की एक्सपर्ट डॉ. नोरातिका बिंती अवांग हाशिम बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहेंगी। साथ ही विष्णु डेंटल कॉलेज, आंध्र प्रदेश के प्रिंसिपल डॉ. ए.वी. रामा राजू, बाबा कीनाराम स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, चंदौली के डॉ. पीयूष शिवहरे, मौलाना आज़ाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, नई दिल्ली में जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा के एचओडी डॉ. विक्रांत मोहंती, सिंहगढ़ डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पुणे के डॉ. विनीत विनय, कॉर्पोरेट एआई ट्रेनर श्री प्रक्षित खन्ना, डॉ. ज़ेडए डेंटल कॉलेज, एएमयू अलीगढ़ में ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. प्रद्युम्न वर्मा भी अपना व्याख्यान देंगे। कॉन्फ्रेंस में 200 रिसर्च पेपर्स और 150 पोस्टर्स भी प्रस्तुत किए जाएंगे। यह जानकारी साझा करते हुए तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की वाइस प्रिंसिपल एवम् कॉन्फ्रेंस सचिव डॉ. अंकिता जैन ने बताया, कॉन्फ्रेंस में अनुसंधान, नवाचार, ग्रामीण सेवा, सामुदायिक आउटरीच और शैक्षणिक प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार और सम्मान भी दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य स्टुडेंट्स, इंटर्न, रिसर्चर्स और फैकल्टीज़ को वैज्ञानिक और नैदानिक उन्नति में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और साक्ष्य-आधारित दंत चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के टीएमयू के दृष्टिकोण को मजबूत करने के संग-संग स्टुडेंट्स को मौखिक स्वास्थ्य देखभाल में वैश्विक दृष्टिकोण से रूबरू कराना है।




# बेटे की शिकायत करने पर पिता को बंधक बनाया

## पुलिस को गलत सूचना देने पर पिता-पुत्र गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बेटे की शिकायत करने पहुचे बेटी के बाप व भाई पर महिला से छेडछाड करने का आरोप लगाते हुए बंधक बनाया और पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुची पुलिस ने मामले की जांच की तो मामला उल्टा ही निकला। पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले पर मुकदमा दर्ज किया और गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया। बुधवार की देर रात पुलिस को सूचना दी गयी कि ग्राम मलकपुर बुढेरन निवासी उमेश के घर में तीन लोग महिला से छेड़छाड़ करते पकड़े गये, जिन्हें बंधक बना लिया गया । मौके पर पहुचे थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने जांच की तो मामला उल्टा ही निकला । बंधक बनाए गये व्यक्ति उमेश के घर उसके बेटे की शिकायत लेकर गये थे । उमेश का बेटा बार बार उसकी बेटी से छेड़छाड़ कर परेशान करता था और डरा धमका कर अपने साथ फोटो भी लिए और सोशल मिडिया पर वायरल कर दिए थे । जिसकी शिकायत लेकर उमेश के घर गये थे, जहां तीन लोगों को उमेश ने बंधक बना लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि घटना की जांच की गयी तो पता चला झूठी सूचना पुलिस को दी गयी थी जिसके बाद उमेश पुत्र हरस्वरूप व मौका उर्फ टिंकू पुत्र उमेश को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। पीड़िता की माता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया ।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बुधवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम अमान नगर उर्फ हर्रायवाला निवासी 22 वर्षीय हेमराज सिंह पुत्र तेजपाल सिंह बाइक द्वारा धामपुर से अपने घर वापस जा रहा था। देर शाम जैसे ही वह बादीगढ़-सुआवाला मार्ग पर पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ी ई-रिक्शा में अनियंत्रित होकर उसकी बाइक जा टकराई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हेमराज को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीरावस्था के चलते उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजनों के मुताबिक हायर सेंटर ले जाते समय हेमराज की मौत हो गई। परिजनों ने रेहड़ पुलिस से किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने से इनकार करते हुए हेमराज के शव का पीएम न कराने का अनुरोध किया जिस पर रेहड़ पुलिस ने जरूरी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को परिजनों को सौंप दिया।

# बाइक के हैंडिल पर टंगा बैग लेकर उचक्का फरार

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम जीतपुर मिलक निवासी चंद्रपाल सिंह आज दोपहर बड़ी मंडी से सामान लेने के लिए आया था। चंद्रपाल सिंह ने बताया कि अनाज लेने के बाद अपनी बाइक पर उसे रख दिया और अपना बैग हैंडल पर टांग कर सब्जी लेने चले गए कि इसी बीच मोबाइल पर बात करते हुए एक युवक उनकी बाइक के पास आया और हैंडल पर टंगा हुआ बैग लेकर फरार हो गया। चंद्रपाल सिंह जब सब्जी लेकर वापस आए तो अचानक बैंग गायब था। उन्होंने बताया कि बैग में 2000 रुपए की नगदी तथा बैंक की पासबुक थी। घटना की जानकारी मिलते ही मंडी युवा व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, मनोज धनोरिया, विपुल जैन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मनोज धनोरिया ने बताया कि इससे पूर्व भी तीन लोगों के साथ इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी मंडी में कुछ बाहरी लोग आकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।


घटना की जानकारी देते हुए चन्द्रपाल।

# आशीष शर्मा बने धामपुर शुगर मिल के यूनिट हेड

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक कुंवर गौरव गोयल ने धामपुर शुगर मिल का चार्ज आशीष शर्मा को सौंपा है।

श्री आशीष शर्मा ने बुधवार को मिल के महाप्रबंधक कुंवर ईशान गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षत कपूर एवं धामपुर शुगर मिल के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में चार्ज संभाला, चार्ज संभालते ही उन्होंने सारे विभागों के अध्यक्षों के साथ मीटिंग की।

इस अवसर पर कुंवर गौरव गोयल शुभकामनाएं देते हुए आशा प्रकट की कि धामपुर शुगर मिल को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा आगामी सीजन में गन्ने की पेराई का कीर्तिमान स्थापित करेंगे।



आशीष शर्मा



माल्यार्पण कर आशीष शर्मा को कार्यभार ग्रहण कराते हुए मिल के एमडी कुंवर गौरव गोयल

श्री आशीष शर्मा बिजनौर के साहित्य विहार कॉलोनी के निवासी हैं तथा ग्राम शेखपुरा के मूल निवासी हैं। आशीष शर्मा मृदुभाषी, हंसमुख, सौम्य स्वभाव एवं मिलनसार प्रकृति के व्यक्ति हैं। धामपुर शुगर मिल से पहले वे रजपुरा, जिला संभल, मीरगंज-बरेली के यूनिट हेड रह चुके हैं तथा धामपुर की असमोली यूनिट तथा मंसूरपुर यूनिट में कई वर्षों तक कार्य किया है।

# राखी-उपासना ने 3500 तुलसी के पौधे नि:शुल्क वितरित कर बनाया कीर्तिमान




धामपुर (चिंगारी)। राखी कौशिक, उपासना कौशिक दोनों बहनों द्वारा घर-घर नि:शुल्क तुलसी भेंट करने का संकल्प लिया गया है। अब तक उनके द्वारा 3500 तुलसी के पौधे नि:शुल्क भेंट किये जा चुके और उनका यह अभियान अभी भी निरंतर जारी है। राखी उपासना हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका हैं। उनका ये कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल है, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था को भी सशक्त करने वाला है। तुलसी जी का पौधा हमारे जीवन में शुद्धता, सकारात्मकता और स्वास्थ्य का प्रतीक है। राखी उपासना को 3500 तुलसी नि:शुल्क भेंट करने के बाद पूर्व विधायक इन्द्रदेव सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, महिला मोर्चा जिला मंत्री व नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी, योजना गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, राजेन्द्र शर्मा, शशिबाला शर्मा, अशेष कुमार दीक्षित, महेन्द्र शर्मा, श्वेता शर्मा, वीरेश शर्मा, अनुज कुमार आदि द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गयीं।

# पुरानी रंजिश में दो लोगों ने कार में आग लगाई

बरुकी /बिजनौर (चिंगारी)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी निवासी तस्लीम अहमद ने पुरानी रंजिश के चलते गांव के दो लोगों पर उसकी कार में आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। तसलीम अहमद ने बताया कि 8 अप्रैल की अर्धरात्रि में उसके घर के बाहर खड़ी उसकी अल्टो कार में अचानक आग लग गई। जब उसने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तो उसमें गांव निवासी जुबेर पुत्र इसरार एवं उसका साथी संदिग्ध रूप से दिखाई दिए। तसलीम ने बताया कि उक्त आरोपियों से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। उसने आरोप लगाया कि 9 अक्टूबर 2024 को उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा दूसरी पुत्री के फर्जी फोटो बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने का भी मामला पहले से दर्ज है, जिसमें जुबेर और उसके एक अन्य साथी सहरीन के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। तस्लीम अहमद के अनुसार, 3 अप्रैल की शाम को भी आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी और समझौता करने का दबाव बनाया था। अब आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 8 अप्रैल की रात उसकी कार में आग लगा दी गई। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के सिर पर हथौड़ा मारने वाला गिरफ्तार



नूरपुर (चिंगारी)। दो दिन पूर्व क्षेत्र के गांव कुंडा खुर्द निवासी युवक फ़हीम का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था। गुस्साए युवक ने पत्नी के सर पर हथौड़े से हमला कर दिया। हमले में महिला बुरी तरह घायल हो गई। हमले के बाद आरोपी पति घर से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर खून से लथपथ महिला को परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए नूरपुर सामुदायिक केंद्र लाए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया था। घटना के सम्बंध में महिला के पिता जनपद सम्भल के थाना क्षेत्र असमौली के गांव सीडल मेफी निवासी अलीहसन ने फ़हीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। उपनिरीक्षक राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मंगलवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है बिजनौर/धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# लखपत बुटोला ने चारधाम यात्रा की तैयारियों पर उठाये सवाल

## यात्रा बैठकों में स्थानीय विधायक को नहीं बुलाये जाने पर नाराजगी जताई




**देहरादून ( चिंगारी )।** बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र से विधायक लखपत सिंह बुटोला ने चारधाम यात्रा तैयारियों पर सवाल खड़े किये हैं। लखपत सिंह बुटोला ने कहा 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा सरकार चारधाम यात्रा को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने चार धाम यात्रा से संबंधित बैठकों में स्थानीय विधायक को नहीं बुलाये जाने पर नाराजगी जताई। लखपत सिंह बुटोला ने कहा वे 5 अप्रैल को बदरीनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। वहां पर चारधाम यात्रा शुरू होने में मात्र कुछ ही दिन बचे हैं। वहां अभी भी कार्य अधूरे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट सीधे पीएमओ की निगरानी में होने के बावजूद कार्यों की गुणवत्ता एवं कार्य पूर्ण करने की समय सीमा में घोर लापरवाही देखने को मिल रही है। हजारों लोग पहले ही दिन श्री नारायण के दर्शन के लिये आयेंगे, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक कार्य पूरे नहीं कराए हैं। लखपत बुटोला ने कहा जब चारधाम यात्राओं को लेकर बैठकें आहूत की जाती हैं उसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय विधायक को आमंत्रित किया जाता है। ऐसा न करने के कारण मूल समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा बदरीनाथ धाम में हो रहे निर्माण कार्यों की वजह से अलकनन्दा नदी की धारा का प्रवाह ब्रह्मकपाल एवं तत्व कुंड की तरफ हो गया है। जिसके कारण ब्रह्मकपाल, तप्त कुंड एवं बद्रीनारायण मंदिर को गम्भीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 1.5 किलोमीटर तक अलकनन्दा नदी की चौड़ाई 3 मीटर तक कम कर दी गई है। अलकनन्दा नदी का नैसर्गिक प्रवाह खत्म किया जा रहा है। जिससे निर्माण कार्य एवं स्थानीय लोगों को भविष्य में खतरा उत्पन्न हो सकता है। मास्टर प्लान में बदरीनाथ प्राधिकरण ने श्री बद्रीनारायण मंदिर परिसर के चारों ओर की बसावट को तोड़कर खंडहर बनाये हैं। उसकी समय सीमा पूरी होने के बाद भी मन्दिर के चारों ओर सौन्दर्यीकरण नहीं हो पाया है। मंदिर जाने वाले पथ का निर्माण कार्य अभी तक आधा-अधूरा है। देव डोली के पौराणिक रास्ते का निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हुआ है।

# नव प्रवेशी छात्रों और उनके अभिभावकों का किया स्वागत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत पी एम श्री अटल उत्कृष्ट रा.इ.का. बल्ली में नव प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल ने बताया कि विद्यालय में नव प्रवेशी छात्रों एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। मौके पर सभी को राजकीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था व सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई और अपने पाल्यों को राजकीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य जयपाल सिंह नेगी ने वर्तमान में शिक्षा के बाजारीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन हो रहा है जिसका छात्र छात्राओं और अभिभावकों को लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर पिछले सत्र 2025-26 में अपनी अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अभिभावक किरन देवी, सविता देवी, सरोजनी देवी, कृष्णा देवी, पी टी ए अध्यक्षा सुभा देवी और एस एम सी अध्यक्षा सुषमा रावत आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में पीएम इंटर्नशिप योजना में 120 विद्यार्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया। मौके पर स्नातक षष्ठम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के 120 छात्र-छात्राओं ने योजना में रजिस्ट्रेशन कराया। प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जो उन्हें व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। अतः विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनके सक्रिय सहयोग द्वारा ही यह आयोजन संभव हो सका। इस अवसर पर कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की संयोजक डा. ऋचा जैन, डा. संजय मदान, डा. प्रियंका अग्रवाल और डा. प्रियम अग्रवाल सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको ने भी सहयोग दिया।

# केदारनाथ धाम में लगातार हो रही बर्फबारी

## प्रभावित हो रही यात्रा की तैयारी



**नैनीताल ( चिंगारी )।** केदारनाथ धाम में कई दिनों से लगातार हो रही बर्फबारी ने यात्रा तैयारियों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। कपाट खुलने की तिथि नजदीक होने के बावजूद मौसम का बदला मिजाज प्रशासन और कार्यदायी संस्थाओं के लिए चुनौती बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस बार धाम में बेमौसम बर्फबारी हो रही है। जहां दिसंबर-जनवरी में अपेक्षाकृत कम बर्फ देखने को मिली, वहीं अब कपाट खुलने से ठीक पहले भारी बर्फबारी ने हालात कठिन कर दिये हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल को बाबा केदार की डोली ओंकारेश्वर मंदिर से प्रस्थान करेगी जबकि 22 अप्रैल को कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। बर्फ हटाने के लिए 60 श्रमिकों की दो टीमें बनाई गई हैं। एक टीम केदारनाथ से और दूसरी छोटी लिनचोली से मार्ग साफ करने में जुटी है। मंगलवार तक करीब 4-5 फीट चौड़ाई में मार्ग साफ कर लिया गया था, लेकिन ताजा बर्फबारी के चलते कई स्थानों पर फिर से बर्फ जम गई है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य विनीत पोस्ती ने बताया कि बर्फबारी से चुनौतियां जरूर बढ़ी हैं, लेकिन धाम में तैयारियां लगातार जारी हैं। प्रशासन और संबंधित विभाग यात्रा को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।

# रेहड़ी-ठेली के लिए स्थायी व्यवस्था बनाने की मांग

## नगरायुक्त को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने शहर में लगातार बढ़ रही रेहड़ी-ठेली के लिए स्थाई व्यवस्था बनाने की मांग की है। कहा कि व्यवस्था में सुधार के लिए नगर निगम को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। इस संबंध में समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी द्वारा नगर आयुक्त पीएल शाह को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में लगातार रेहड़ी-ठेली की तादाद बढ़ती जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सबसे बुरी स्थिति गोखले मार्ग पर बनी हुई है। जबकि इस स्थान पर नगर निगम प्रशासन की तरफ से अतिक्रमण करने वाले लोगों के लिए जुर्माने का चेतावनी बोर्ड भी लगाया हुआ है, लेकिन रेहड़ी व ठेली लगाकर फल, सब्जी बेचने वाले चेतावनी बोर्ड की अनदेखी कर रहे है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन ठेली लगाने वालों से तहबाजारी वसूल कर अतिक्रमण की मौन स्वीकृति दे रहा है। जिस कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि रेहड़ी-ठेली लगाने वालों के लिए स्थायी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

# विवाह समारोह के मद्देनजर मिलेंगे दो व्यवसायिक गैस सिलेण्डर

## विवाह समारोहों के लिए एसओपी हुई लागू

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विवाह समारोहों में गैस सिलेंडरों के सुचारु प्रक्रिया (एसओपी) लागू की गयी है। इसके अंतर्गत यह निर्धारित किया गया है कि किसी भी विवाह समारोह के लिए अधिकतम 02 व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ही अनुमन्य होगी। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता को संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, उपजिलाधिकारी कार्यालय अथवा गोदाम में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ 10 रुपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र, विवाह कार्ड एवं आधार कार्ड की प्रति संलग्न करनी होगी। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक द्वारा अस्थायी कनेक्शन जारी करने हेतु संबंधित गैस एजेंसी को संस्तुति प्रेषित की जाएगी। इसके पश्चात गैस एजेंसी द्वारा आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर आवेदनकर्ता को अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा तथा एसओपी के अनुरूप व्यावसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में संबंधित अधिकारी को अवगत कराना एवं अभिलेखों का पृथक एवं विस्तृत विवरण संधारित करना भी अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि विवाह समारोह के अगले दिन आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए गैस सिलेंडरों को संबंधित गैस एजेंसी में वापस जमा कराना होगा।

# शासन-प्रशासन की ओर से, पीएम की जनसभा की तैयारी चल रही जोर-शोर से

**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं, जिसके चलते शासन- प्रशासन के स्तर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस दौरे में पीएम मोदी दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का शुभारंभ करेंगे वहीं, देहरादून के गढ़ीकैंट स्थित महिंद्रा ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसको लेकर महिंद्रा ग्राउंड में तैयारियां चल रही है। देहरादून के महिंद्रा ग्राउंड में होने वाली विशाल जनसभा आगामी साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिहाज से बेहद खास मानी जा रही है। क्योंकि, इस जनसभा के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर सकते हैं। जबकि, विधानसभा चुनाव से पहले एक साल का वक्त चुनावी साल का होता है, जिसमें सरकार और संगठन चुनाव की रणनीतियों के तहत काम करती है। यही वजह है कि पीएम मोदी की इस जनसभा को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। क्योंकि, पीएम मोदी जनसभा के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेंगे। ताकि, आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ काम करें। फिलहाल, तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

# स्कूलों के समय परिवर्तन पर शिक्षक संघ ने जताई नाराज़गी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ की गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी ने सरकारी स्कूलों के समय परिवर्तन संबंधी विभागीय फैसले पर नाराजगी जताई है। कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता लाने की दिशा में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से पारित प्रस्ताव पर शिक्षक संगठनों को विश्वास में लिया जाना चाहिए था।

इस संबंध में गढ़वाल मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रांतीय नेतृत्व को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों व मौसम अनुकूल न होने के कारण विद्यालयों के समय में परिवर्तन करना उचित नहीं है। वर्तमान समय में प्रदेश के पूरे पर्वतीय क्षेत्र में जंगली जानवरों का भय बना हुआ है। छात्र कई किमी. पैदल दूरी तय कर विद्यालयों में पहुंचते हैं। ऐसे में शासन द्वारा विद्यालयों की समय सारिणी में परिवर्तन पर लिया गया निर्णय किसी भी दशा में प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था के हित में नहीं है। नई समय सारिणी के तहत ग्रीष्मकालीन में दोपहर 2:05 बजे तक विद्यालय संचालित होंगे। जबकि ग्रीष्मकाल में प्रदेश के मैदानी भागों में दस बजे के बाद भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो जाता है। नई समय सारिणी के तहत शीतकालीन समय में सुबह 8:50 बजे से विद्यालय संचालित होंगे। जबकि शीतकाल में पर्वतीय क्षेत्र में सुबह के समय में अत्यधिक ठंड होने के कारण दूरस्थ क्षेत्रों से पैदल चलकर विद्यालय पहुंचने में बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश का करीब 80 फीसदी भू-भाग पर्वतीय होने के कारण नई समय सारिणी किसी भी दशा में छात्र हित में नहीं है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# माफ़िया अशरफ के गनर की गोली मार कर हत्या

**प्रयागराज (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में बीच सड़क पर माफिया अशरफ के गनर रहे इरफ़ान गद्दी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि बीती रात गौस नगर में अज्ञात बदमाशों ने इरफ़ान के सीने में गोली मार दी। इरफान सड़क पर ही काफी देर तड़पता रहा, बाद में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन खून ज़्यादा बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना पर पुलिस आयुक्त सिटी मनीष कुमार शांडिल और सहायक पुलिस आयुक्त राजकुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फ़ौरी तौर पर पुरानी रंजिश में हत्या की बात सामने आ रही है। सूत्रों ने बताया कि मृतक इरफ़ान गद्दी दिवंगत अशरफ के साथ उनकी सुरक्षा में बन्दूक लेकर चलता था। इलाके के लोग बता रहे हैं कि उसकी रंजिश चकिया के आशिफ दुर्रानी से चल रही थी। मामले की जांच पुलिस अभी कर रही है। मृतक के परिवार के सदस्य की तहरीर पर आशिफ दुर्रानी सहित एक अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ है।







## भाजपा से मिला हुआ है चुनाव आयोग, वोट काटने की हो रही साजिश- अखिलेश

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मिलीभगत करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मतदाताओं के वोट काटने की साजिश रची जा रही है, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा किया जा सके। श्री यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि सपा के पीडीए प्रहरियों ने फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए वोट कटवाने के मामलों को पकड़ा, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बुधवार को कानपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर कानपुर के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कानपुर, इटावा और कन्नौज को ट्रेड ट्रायंगल के रूप में विकसित करने की योजना का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक लाल इमली कारखाने को दोबारा शुरू कराने का भरोसा जताया और कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में कानपुर में मेट्रो, पनकी और घाटमपुर में बिजली परियोजनाएं तथा अमूल प्लांट जैसे कई औद्योगिक विकास कार्य किए गए थे।

## नैमिषारण्य धाम के विकास के लिए 14.09 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नैमिषारण्य धाम के विकास के लिए 14.09 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस परियोजना के तहत धाम को वेद आधारित थीम 'वेदारण्यम' के रूप में विकसित किया जाएगा। इस बाबत स्वीकृत राशि में से 7.04 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी भी कर दी गई है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि यह परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है। इसका उद्देश्य नैमिषारण्य धाम को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करते हुए इसके धार्मिक और आध्यात्मिक स्वरूप को और भव्य बनाना है। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 'वेद वन' की अवधारणा पर ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद के आधार पर अलग-अलग सेक्शन विकसित किए जाएंगे।

## आवश्यक सूचना

मैं, रविराज खन्ना, पुत्र श्री प्रदीप खन्ना, दिनांक 20.03.2026 को इंडियन बैंक, राम का चौराहा, बिजनौर जाते समय अपने साथ एक लिफाफा, जिसमें मूल पावर ऑफ अटॉर्नी (सीरियल नं. 47, बही संख्या 4, जिल्द संख्या 193, पृष्ठ 111 से 120, दिनांक 08.08.2019, अभिनंदन खन्ना के पक्ष में) था, कहीं गुम हो गया है। काफी खोजबीन के बावजूद प्राप्त नहीं हुआ। इस संबंध में दिनांक 09.04.2026 को एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

यदि किसी को उक्त दस्तावेज मिले तो कृपया सूचित करें।

मो. 9927724595

